पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-12-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-13 भीलवाड़ा/ 22 दिसम्बर, 2024 कुल पृष्ठ- 26 मूल्य : 25 रुपए 

























# यूके के गारमेंट आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी

## ▪ भारत से निर्यात की व्यापक संभावना ▪ लंदन में भारत टेक्स 2025 रोड शो का सफल आयोजन

**नई दिल्ली / राजेश शर्मा**

हाल के वर्षों में भारत से यूनाइटेड किंगडम को गारमेंट निर्यात में वृद्धि हुई है और वहां के कुल रेडीमेड गारमेंट आयात में भारतीय गारमेंट की हिस्सेदारी बढ़ी है तथा आगामी वर्षों में हिस्सेदारी बढ़ने की व्यापक संभावनाएं हैं।

यह बात विगत दिनों लंदन में आयोजित भारत टेक्स रोड शो के अवसर पर अपेरल गारमेंट एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल यानि एईपीसी के चेयरमैन श्री सुधीर सेखरी ने कही। इस रोड शो का आयोजन आगामी वर्ष नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत टेक्स 2025 के बारे में प्रचार करने के लिए किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री सुधीर सेखरी ने कहा कि हम भारत और यूके के बीच पहले से ही गतिशील कपड़ा व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए रोमांचक नए अवसरों की दहलीज पर हैं और इसके लिए विश्व की दो जीवंत अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक टेक्सटाइल बाजार के भविष्य की रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने कहा कि यूके एक वैश्विक फैशन हब है और गारमेंट का छठा सबसे बड़ा आयातक है तथा उसने 2023 में कुल आयात मूल्य 20.27 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के गारमेंट का आयात किया था।

श्री सेखरी ने कहा कि भारत अपने विशाल टेक्सटाइल और गारमेंट क्षेत्र के साथ लम्बे समय से यूके का एक विश्वसनीय भागीदार रहा है तथा 2023 में भारत ने यूके को 1.2 बिलियन डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात किया तथा इसके साथ ही यूके के कुल टेक्सटाइल और गारमेंट आयात में भारतीय हिस्सेदारी बढ़कर 6.14 प्रतिशत हो गई थी। उनका कहना है कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों यानि अप्रैल-अक्टूबर के दौरान भारत से यूके को टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.4 प्रतिशत बढ़ गया है जो एक अच्छा संकेत है।

श्री सेखरी ने कहा कि गुणवत्ता, नवाचार तथा स्थिरता के आधार पर प्राप्त की गई सफल भागीदारी का जश्न हम भारत टेक्स 2025 में मनाएंगे और एक दूसरे से विचार साझा करेंगे।

उन्होंने कहा कि यूके के मार्क्स एंड स्पेंसर, प्राईमार्क, नेक्स्ट, चार्ल्स टायरविट, बरबेरी, डनहिल, क्लार्क्स और जेडब्ल्यू एंडरसन जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड पहले से ही भारत से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीदते हैं तथा भारतीय गारमेंट के ठोस अंतर्निहित शिल्प कौशल और स्थिरता की सराहना करते हैं। प्राईमार्क, एसोस और बूहू जैसे फैशन लीडर भी गुणवत्ता और स्थिरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप अभिनव समाधानों के लिए भारत की ओर रुख करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के पर्यावरण अनुकूल सामान, क्लोज्ड-लूप उत्पादन और वेस्ट मैनेजमेंट आदि के सिद्धांत भारत टेक्स 2025 प्रदर्शनी में भारतीय टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग की प्रमुख विशेषताएं होंगी। लंदन में आयोजित रोड शो में बोलते हुए व्यापार मंत्रालय में व्यापार सलाहकार सुश्री शुभ्रा ने कहा कि मजबूत सरकारी पहल और निजी क्षेत्र के नवाचार (इनोवेशन) के कारण भारत के टेक्सटाइल उद्योग में विकास तथा प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र पार्क जैसे प्रमुख कार्यक्रम भारतीय उद्योग के लिए विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र की नींव रख रहे हैं।


उन्होंने कहा कि यह पहल वैश्विक निवेशकों के लिए भारत की कपड़ा यात्रा में भागीदारी के लिए अवसर प्रदान कर रही हैं। सुश्री शुभ्रा ने कहा कि सतत विकास को आगे बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए भारत यूके को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। शेष पेज 10 पर

Follow us
textileworld.tw
Brand Promotion & Textile News












DEEPHARI
FANCY SHIRTINGS
DEEP HARI CHARAN TEXTILE
MANUFACTURERS OF:
Pure Linen, 100% Cotton Linen,
(White & Colours) Khadi Kurta, White Suiting
58" & 36" Fancy Shirting,
(Starch & Luster) & Jodi Box.
HEAD OFFICE: 2-2-51/8, Pan Bazar, Opp. Mittal Chambers, Beside UCO Bank Lane, M.G. Road, Secunderabad- 500 003. (Telangana) Mob.: +91 93910-67450, +91 91542-67450
Trade Inquiries are Invited for Agents & Dealers Pan India
BRANCH OFFICE:- No. 1402, Meghdhara Market, Gala No. 70, 1st Floor, A-Wing, Anjurphata, Rahnal Village, Bhiwandi - 421 302. (Dist. Thane)

21st Century TOPMAN
PREMIUM SUITING
Link Between Aim & Ambition
TOPMAN FASHION PVT. LTD.
Mills : G-214-215, RIICO IVth Phase, Bhilwara (Raj.) Ph. 260232, 260233
Mob: 94141-13190, 80055-19434, E-mail : topmansuitings@gmail.com

SINCE : 1987
Benny Cotts
UNIFORM & FANCY SUITING
Schools · Corporate · Hospitals · Medical · Doctors · Police · Surgical Staff · Industrial Fabrics · Security Guard · House Keeping
Fancy, DMS, Designing fabric Crape 2/18, 2/40X2/40, For Cast.
SHREE RAM SYNTHETICS PVT. LTD.
Manufacturing of Suitings & Shirting
REGD. ADD.
Samdani Building, Opp. Sandeep Hundai Showroom, Pur Road, Bhilwara
Mob.: 8949934836, 9414111656 | Email: bennycotts@gmail.com

# पटना में आयोजित सम्बंधन एक्जीबिशन में प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट का धमाल





सूरत/ पटना के गांधी मैदान में आयोजित 'सम्बंधन' एक्जीबिशन में सूरत के प्रतिष्ठित लहंगा निर्माता 'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट' ने अपनी नई वेडिंग रेंज के साथ धूम मचा दी। दो दिवसीय इस आयोजन (19-20 दिसंबर) में हजारों व्यापारियों ने विजिट की और ब्रांड के आकर्षक डिज़ाइन्स ने सबका दिल जीत लिया।

'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट' के स्टॉल ने व्यापारियों और ग्राहकों का खास ध्यान आकर्षित किया, वहीं फैशन शो ने आयोजन को और भव्य बना दिया। ब्रांड की ब्राइडल और गर्लिश लहंगों की ताजा रेंज व्यापारियों के बीच हॉट फेवरेट रही। डायरेक्टर श्री नरेश साचापरा ने बताया कि इस बार नए फैब्रिक और इनोवेटिव डिज़ाइन्स पर फोकस किया गया, जिससे ग्राहकों की शानदार प्रतिक्रिया मिली साथ ही, माल बुकिंग करवाने वाले व्यापारियों को 'प्रभुजी ग्रुप' की ओर से विशेष गिफ्ट भी दिए गए। इस आयोजन ने न केवल वेडिंग फैशन की नई संभावनाओं के दरवाजे खोले बल्कि व्यापारियों के लिए



आकर्षक अवसर भी प्रदान किए।

'सम्बंधन' एक्जीविशन ने वेडिंग सीजन में व्यापारिक नेटवर्क को और मजबूती दी, जहां 'प्रभुजी हरे कृष्णा आर्ट' ने अपनी उत्कृष्टता से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह ब्राइडल और गर्लिश लहंगों में ट्रेंडसेटर है।

# चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (COTTI) का 61वां सालाना वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न



**कोलकाता/ शिव कुमार कौशिक**

चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एन्ड इंडस्ट्री (कोट्टी) का 61 वां वार्षिक अधिवेशन शनिवार, दिनांक 7 दिसंबर 2024 को चैंबर सभागार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान चैंबर में काफी कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें सदस्यों ने उपस्थित होकर उन्हें सफल बनाया है। व्यापार की दृष्टि से आकलन करें तो ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं मॉल्स से छोटे एवं मझले व्यापारियों को गंभीर चुनौती मिल रही है। इनका सामना करने के लिए हमें अपने व्यापारिक तरीकों में परिवर्तन करने होंगे। सायबर क्राइम नित्य नए-नए तरीकों से लोगों को अपने शिकंजे में लेने की कोशिश कर रहा है। सजग रहकर ही हम अपने आप को फ्रॉड से बचा सकते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पड़ोसी देश बांग्लादेश में जिस तेजी से घटनाएं घटित हो रही हैं, ये बहुत चिंता का विषय है। अगर जल्द ही स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो इसके दूरगामी परिणाम भुगतने होंगे। विशेषकर पश्चिम बंगाल के वस्त्र व्यवसाय पर इसका बहुत असर पड़ेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से चैंबर की गतिविधियों में सहयोग करने का आह्वान किया। संयुक्त सचिव श्री विजय सिंह जैन (बावलिया) ने गत वार्षिक अधिवेशन की कार्यवाही का वाचन किया जिसे स्वीकृत किया गया।

चैम्बर के मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने वर्ष 2023-24 का मंत्री प्रतिवेदन एवं वार्षिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया जिसे सदन ने सर्व सम्मति से स्वीकृत किया। चैंबर के वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का हिसाब भी सर्व सम्मति से पारित किया गया। कोट्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री मुरारी लाल खेतान, श्री विजय कुमार विनायकिया एवं श्री अरुण भुवालका ने भी अपने विचार व्यक्त किए और चैंबर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कोट्टी के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन, श्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बिरम प्रकाश सुल्तानिया, उपाध्यक्ष श्री संजय तोदी, मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त मंत्री श्री बिजय सिंह जैन (बावलिया) एवं श्री आयुष पोद्दार और कार्यकारिणी अन्य सदस्य, श्री बिनोद कुमार नांगलिया, श्री देवकीनंदन तोदी, श्री विनोद केड़िया, श्री मुकेश पारेख, श्री धर्मेंद्र सेठ, श्री अजय सिंघी, श्री विनोद कुमार मिन्नी, श्री राजेश नाहटा, श्री प्रदीप खेतान, श्री आशीष झुनझुनवाला, श्री सरोज सिंघल, श्री विकास लखोटिया भी उपस्थित थे।

अंत में मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह आप सभी सदस्यों का सहयोग पूर्व में मिला है, विश्वास है कि आगे भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

# शहर के खाली पडे भूखंड़ों पर हिमालयन और तिब्बती शरणार्थियों की सजी दुकानें

**सतना/ बलराम शुक्ला**

विगत दो वर्षों से वूलन का मार्केट फ्लॉप होता जा रहा है। जून, जुलाई में लोग एडवांस माल लेकर आते हैं और नवम्बर तक माल रखने के बाद बिक्री शुरू होती है लेकिन कुछ वर्षों से तिब्बत, नेपालियों और शरणार्थियों ने पूरे वूलन मार्केट पर कब्जा कर लिया है। रही सही कसर फेरी वालों ने पूरी कर दी है क्योंकि वह बड़े शहरों-कस्बों के बाहर सड़कों के किनारे दुकान सजा लेते हैं एवं कम प्रोफिट में व्यापार कर लेते हैं, जिससे स्थानीय व्यापारी बहुत परेशान है। माल में गुणवत्ता भी नहीं है। बिना ब्रांड का माल है फिर भी बिक रहा है। हमने सतना वूलन के थोक व्यापारी मनोहर लाल से पूछा कि इस वर्ष वूलन का व्यापार कैसा रहा तो उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक ठंड ठीक से नहीं पड़ रही है। अगर ऐसा ही दिसंबर माह में हाल रहा तो हम लोगों का माल डंप हो जायेगा और उसको साल भर संभालकर रखना पड़ेगा। हम लोगों का अब वूलन से मन भर गया है, क्योंकि अब कुछ मिल भी नहीं रहा है। अब व्यापार करना तकलीफदायक हो गया है।

# गर्म माल की बिक्री अच्छी

**जयपुर/ ओम जैन**

अभी सर्दी का जोर ज्यादा होने के कारण बाजार में ग्राहकी कम है गर्म माल के दुकानदार के पास ग्राहकी चल रही है। शॉल, लोही, कम्बल का माल बिक रहा है। इजाईया जयपुर प्रिण्ट का माल पूरे भारत वर्ष में जयपुर से जा रहा हैं। अभी जयपुर में सैलानी भी भरपूर आना शुरू हो गये हैं। दिनभर सड़कें शहर की जाम रहने लग गयी है। 15 जनवरी तक जयपुर बाजार सैलानी घूमने वाले ही नजर आयेंगे। हवामहल, जोहरी बाजार की रिटेल दुकान पर बाहर से भ्रमण करने वालों की भीड़ नजर आ रही है। वैवाहिक शादी 15 जनवरी बाद प्रारम्भ होगी, लेकिन जनवरी माह में शादी-विवाह की ग्राहकी प्रारम्भ हो जायेगी। मकर संक्रान्ति में पाली के ब्लाउज पीस का माल बिकना प्रारम्भ होगा। पाली, बालोतरा के माल में तेजी बताई जा रही है, लेकिन ग्राहकी नहीं होने के कारण पुराने भाव में माल आ रहा है। आगामी सीजन से भाव बढ़ने के संकेत आ रहे हैं। व्यापारी ग्राहकी नहीं होने के कारण माल खरीद नहीं कर रहे हैं। सूरत से कुर्ती बाजार आगामी सीजन के सेम्पल बाजार में आ रहे हैं, व्यापारी आगामी सीजन का माल तैयार कर रहे हैं। आगामी सीजन में कॉटन, लिनन व फैंसी माल की मांग रहेगी। सूरत से आगामी सीजन लेडीज वियर में लहंगे की मांग शादी-विवाह की चलेगी। इस बार बाजार सूरत के लहें की बिक रहे हैं। ब्राइडल व गर्लिश लहंगे की मांग है। विवाह-शादी वालों की अक्सर भीड़ नजर आती है। बाजार में रेडीमेड वस्त्रों पर जीएसटी की दरें बढ़ाने के संकेत मिले हैं। इस कारण रेडीमेड गारमेण्ट पर विपरीत असर पड़ेगा। जीएसटी बढ़ने के कारण आगे चोरी की संभावना बढ़ जायेगी। अभी जीएसटी की दर संतोषजनक है। व्यापारी आराम से व्यापार कर रहे हैं। जीएसटी दर बढ़ने के कारण व्यापारी को व्यापार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अतः गारमेण्ट व्यापारियों ने नई सरकार से मांग की है कि जीएसटी की दर में कोई परिवर्तन नहीं करे।




# मलमास प्रारंभः गर्म मालों में जबरदस्त ग्राहकी

**निजामाबाद/ जुगल किशोर झंवर**

मलमास प्रारंभ हो चुका है। विवाह मुहूर्त एक महीने नहीं है, परन्तु इस वर्ष ठंड जबरदस्त होने से गर्म मालों में जबरदस्त ग्राहकी है। गत दो वर्ष से ठंड कम गिरने से लोगों के पास माल स्टॉक रह गया था। यह बहुत खर्चीला मामला है। कारण रकम भी अटक जाती है, गोदाम किराया भी लगता है। जोखिम भी रहता है। परंतु इस वर्ष की ठंडी में गत 2 से 3 वर्षो का पूरा स्टॉक खत्म हो गया है। उल्टा ग्राहकी को देखते हुए लोगों ने और माल मंगाया था। लगातार ठंड के कारण वो माल भी बिक जा रहा है। व्यापारी का मुनाफे के चक्क र में रोकने में इंटरेस्ट नहीं है बेचने में ही है ताकि स्टॉक ना रह जाये।

तेलंगाना में हमने इतनी ठंडी इतने लंबे समय के लिए नहीं देखी है। शाम 6 बजे तक तो अंधेरा भी हो रहा है। ठंडी भी शुरु हो रही है। सवेरे भी कोहरा और ठंडी है। नियमित वॉकिंग करने वाले 7 से 8 बजे के बाद वॉकिंग को जा रहे हैं, वो भी स्वेटर मफलर दस्ताने पहनकर। तिब्बत से आए व्यापारी जो सीजन में आकर दुकानें लगाते, हैं वहां ग्राहकी टूट पड़ी है वो फिक्स रेट से ही माल बेच रहे हैं। इससे ग्राहकी अच्छी हो रही है माल भी अच्छा है, भाव भी कम है।

# भावी स्कूल सीजन से उम्मीदें

**कोयम्बटूर / सुनील कोठारी**

दिवाली के बाद मार्केट में बिल्कुल हलचल न के बराबर है, क्रिसमस और पोंगल की थोड़ी बहुत भीड़ वह भी बड़े-बड़े शोरूम में ही दिखती है, बाकी जनरल मार्केट में इसका कोई खास असर नहीं रहता है, और वैसे भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इन दिनों में भारी डिस्काउंट देकर पूरे के पूरे व्यापार को ही मार्केट से खींच लेते हैं, और तमिल संस्कृति में भी मारकली मास में किसी भी तरह के नए काम, मुहूर्त, शादी-ब्याह नहीं होते हैं, इसलिए अभी जो भी मार्केट में हलचल होनी है वह पोंगल की छुट्टियों के बाद लगभग 20 जनवरी के उपरांत आएगी बाकी मार्केट एकदम ठंडा है आगे पूरी उम्मीद स्कूल सीजन पर टिकी हुई है।

# बाजार में रिटेल ग्राहकी अच्छी


**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा...** बाजार में इस समय रिटेल ग्राहकी अच्छी हो रही है तथा शादी होने के कारण बाजार में तेजी है। इस समय सर्दी का मौसम होने से सर्दी के कपड़े जेसे शॉल, स्वेटर, कम्बल, ऊन से बने कपड़े आदि की डिमाण्ड ग्राहकों के बीच बनी हुई है। हरी उमाशंकर ब्लाउज सेण्टर के यहाँ साड़ियों की डिमाण्ड 200 से 500 रू तक बनी हुई है। हरिमोहन ट्रेडर्स के यहां होलसेल में बुकिंग अच्छी रख रहे हैं जैसे मुम्बई, नारनोल, भीलवाड़ा के प्रतिनिधि को भरपूर बुकिंग हो रही है। श्री चारभुजा क्लॉथ सेण्टर, श्री रामसिंह के यहाँ मोटे ऊन के कपड़े की आवक अच्छी हो रही है। इस समय सर्दी का मौसम होने से कम्बल, रजाई, लोई तथा ऊनी कपड़े की डिमाण्ड अच्छी बताई जा रही है। शादी का अवसर होने से लेडीज शूट, लहंगा, चुन्नी की डिमाण्ड मार्केट में अच्छी बनी हुई है। प्रतिनिधियों द्वारा बुकिंग व ऑर्डर अच्छे आ रहे हैं तथा पेमेंट की आवक-जावक अच्छी बनी हुई है।

# महाराष्ट्र की वस्त्रोद्योग नीति का अहवाल दे

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े...** कर्नाटक के वस्त्रोद्योग मंत्री शिवानंद पाटिल ने वस्त्रोद्योग उद्यमियों को दिए जाने वाले बिजली अनुदान के साथ महाराष्ट्र शासन की नीती की पढ़ाई कर अहवाल देने के आदेश वस्त्रोद्योग विभाग के अधिकारियों को दिए। हाल ही में उन्होंने हुक्के री तहसील के कुरणे टेक्सटाइल पार्क को भेंट देकर पावरलूम मालिक के साथ चर्चा की। इसके बाद उन्होंने अहवाल देने की सूचना की। उन्होने आगे कहा की, वस्त्रोद्योग का विकास और पावरलूमधारकों का हित ध्यान में लेकर कर्नाटक सरकार नई नीति तय कर रही है। उद्योग को पूरक ठहराने वाली कौनसी नीति को शामिल किया जाए इसके बारे में विशेषज्ञों की ओर से सलाह भी ली जा रही है। इस समय बेलगाम जिले में वस्त्रोद्योग बढ़ाना है तो महाराष्ट्र शासन की बिजली नीति कर्नाटक लागू करने के साथ भांडवली अनुदान समय पर जाहीर करे ऐसा आह्वान वस्त्रोद्योग उद्यमियों ने किया। जबकि महाराष्ट्र की वस्त्रोद्योग नीति वस्त्रोद्योग उद्योग बढ़ाने की बड़ी मददगार साबित होगी। वस्त्रोद्योग व्यावसायिकों की सूचना सुनने के बाद मंत्री पाटिल ने कहा कि, वस्त्रोद्योग विकास के लिए कर्नाटक सरकार ने बड़ी कोशिश की है। इस उद्योग के विकास के लिए पोषक होने वाले घटकों के बारे में सोच विचार कर उस पर अमल किया जाएगा। महाराष्ट्र शासन की तुलना में कर्नाटक सरकार वस्त्रोद्योग को प्रोत्साहन दे रही है। ऐसा है लेकिन महाराष्ट्र सरकार की नीति के बारे में जरूर सोच विचार करेंगे। इस बीच मंत्री पाटिल ने पशुपति वस्त्रोद्योग युनिट को भेंट देकर एअरजेट लूम के बारे में जानकारी ली। वस्त्रोद्योग सलाहगार सदानंद कुलकर्णी ने बताया कि एयरजेट लूम इस स्पर्धा के युग में अच्छे होंगे। इस समय वस्त्रोद्योग विभाग के सहसंचालक डॉ. शिवराज कुलकर्णी, प्रशांत गौडर, हर्षवर्धन कुरणे, प्रशांत गौड़ा आदि उपस्थित थे।

# मलमास के कारण ग्राहकी धीमी

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** मार्केट में ग्राहकी धीमी गति से चल रही है। अभी मलमास चल रहा है। आगे 15 जनवरी बाद ही शादी ब्याह का सीजन रहेगा। सर्दी अपना असर दिखा रही है। गरम माल की डिमांड बनी हुई है। स्वेटर, शॉले, कम्बल, मौजे, ब्लेजर वगैरह जैसी रेगुलर क्वालिटियाँ जरूरत मुताबिक आ रही है। राजपूती ड्रेसर्स व कॉटन सेमी जापान 'कुचेरा शहर' का माल बहुत ही आ रहा है। पेमेंट की ओरना आवक सीमित बनी हुई है। ओरना क्वालिटी में 'कुचेरा' वाले बहुत आगे हैं। कॉटन व सिन्थेटिक्स ग्रे मार्केट में तेजी बनी हुई है।







Follow us
textileworld.tw
Brand Promotion & Textile News





















FOR TRADE ENQUIRY : Contact : 82640-40737 | Website : www.modella.in | Email: modellawool@gmail.com




TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

@TESSITURAMONTI.INDIA

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644 TamilNadu - M/s Bajarang Clothing, Chennai - Mr. Rajnish - 9925960001
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460

European Flax. Premium linen fibre









# रूई में अंडरटोन मजबूत : आवक बढ़ी, मगर भाव में स्थिरता

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

हाजिर बाजार में रूई में अंडरटोन मजबूत है। यद्यपि लेवाली में बहुत सुधार नहीं है। कपास एवं रूई दोनों की आवक बढ़ने पर भी रूई के भाव नहीं घटे है। देश में रूई का उत्पादन कम होने के अनुमान से सेंटीमेंट मजबूत लग रहा है, परंतु स्पिनिंग मिलें रूई की खरीद अपनी जरूरत के अनुसार कर रही है। जिनिंग इकाइयों के चालू होने से देशभर में रूई की दैनिक आवक बढ़ रही है। अनुमान है कि अब रूई की दैनिक आवक दो लाख गांठ को पार कर रही है। कपास की आवक भी सुधरी है। किसानों को कम भाव नहीं मिले और बाजार में कोई भारी गिरावट नहीं आए इसलिए सीसीआई पूरी तरह सक्रिय है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से कपास की खरीद बढ़ा दी है।

चालू सीजन अक्टूबर से सितम्बर 2025 तक के लिए सीसीपीसी का उत्पादन अनुमान कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुमान की तुलना में कम है। सीजन के लिए एसोसिएशन का अंदाजा 302 लाख गांठ उत्पादन का है। सीसीपीसी के अनुमान के अनुसार पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को शामिल करने वाले उत्तरी क्षेत्रों में कपास का विस्तार घटकर 12.38 लाख हेक्टेयर रहा जो पिछली सीजन में 17.96 लाख हेक्टेयर था। इन क्षेत्रों में कपास उत्पादन पिछली सीजन के 47.60 लाख गांठ से घटकर 33.05 लाख गांठ रहने का अनुमान है, लेकिन कपास की उत्पादकता प्रति हेक्टेयर पिछली सीजन के 450.96 किलोग्राम की तुलना में बढ़कर 453.04 किलोग्राम रहने का अनुमान है।

Follow us
textileworld.tw
Brand Promotion & Textile News

मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को मिलाकर सबसे अधिक कपास उत्पादक प्रदेशों में कपास का क्षेत्रफल घटकर 69.88 लाख हेक्टेयर है, जो गत सीजन में 75.47 लाख हेक्टेयर था। कपास उत्पादन अनुमान 18 2.93 लाख गांठ है, जो विगत वर्ष के 189.03 लाख गांठ से कम है। इन क्षेत्रों में भी उत्पादकता प्रति हेक्टेयर 425.80 किलोग्राम से सुधरकर 445.02 किलोग्राम है। कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु सहित दक्षिणी क्षेत्र में क्षेत्रफल मामूली घटकर 29.58 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले वर्ष 31.13 लाख हेक्टेयर था। इन क्षेत्रों में उत्पादन अनुमान 78.01 लाख गांठ है, जो पिछले वर्ष में 81.28 लाख गांठ था। इस क्षेत्र में भी उत्पादकता 443.8 किलोग्राम से बढ़कर 448.33 किलोग्राम है।

कपास उत्पादन एवं खपत समिति ने वर्ष 2024-25 के लिए रूई का उत्पादन प्रति 170 किलो की एक ऐसी कुल 299.26 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है। यह अंदाजा पिछले वर्ष के उत्पादन 325.22 लाख गांठ की तुलना में आठ प्रतिशत कम है। रूई उत्पादन में गिरावट का मुख्य कारण कम क्षेत्रफल में कपास की खेती करना है। इस सीजन में 113.60 लाख हेक्टेयर में कपास की खेती की गई, जबकि पिछले वर्ष 126.88 लाख हेक्टेयर में की गई थी। इस तरह चालू वर्ष में 10 प्रतिशत कम क्षेत्रफल में कपास की खेती की गई है। लेकिन उक्त समिति का अनुमान है कि कपास की उपज पिछले वर्ष के प्रति हेक्टेयर 435.75 किलोग्राम की तुलना में बढ़कर इस वर्ष 447.84 किलोग्राम हो सकती है।



www.sparshfab.com

# Hello Mumbai!

Sparsh-Fab®
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS

## नये विजन के साथ एक लम्बी छलांग को तैयार

Sparsh-fab VISION-25
Exclusive Fabric Display

Monday, 9th Dec.
10:00 AM to 6:30 PM
At The Chembur Gymkhana, Community Hall, Phase 1,



# स्पर्श-फैब और पारसराम राजपाल

## मुंबई में भव्य फैब्रिक डिस्प्ले का आयोजन सम्पन्न

मुंबई/ स्पर्श फैब द्वारा मुंबई के अपने अधिकृत डीलर पारसराम राजपाल के साथ मिलकर एक शानदार यूनिफॉर्म फैब्रिक का भव्य डिस्प्ले आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया, जिन्होंने 300 से अधिक प्रकार के प्रीमियम यूनिफॉर्म फैब्रिक रेंज को देखा, जो कपड़ा उद्योग में नए इनोवेशन और उत्कृष्टता लिए हुए है।

◄ श्री गिरीश तोदी और श्री विकास तोदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

3X COOL™
INNOVATIVE FABRIC

DYNAMIC DRYING
Clothes gets dried so fast just like a magic

SOIL RELEASE
Active soil release technology keeps cloth look fresh & clean

3 TIMES AIR PERMEABLE
The fabric is breathable, providing enhanced airy comfort.

Fabric that absorbs sweat in just 10 seconds

## कंपनी द्वारा नए इनोवेटिव डवलपमेंट 3X COOL फैब्रिक की भव्य लॉन्चिग जो भारत में यूनिफॉर्म फैब्रिक बाजार में क्रांति लाने के लिए तैयार है!



### यूनिफॉर्म फैब्रिक में नए अवसर

श्री विकास तोदी ने 2025 के लिए अपना दृष्टिकोण और भारतीय बाजार की अपार संभावनाओं को साझा किया

कंपनी के सीईओ श्री विकास तोदी ने यूनिफॉर्म फैब्रिक के भविष्य की काफी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं उन्होंने इस यूनिफार्म इंडस्ट्रीज में अपने नये डेवलपमेंट, इनोवेशन के माध्यम से बाजार में अपनी हिस्सेदारी का विस्तार करने के लिए अपना विजन सभी के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि स्पर्श फैब अब अपने सभी फैब्रिक 3X COOL फैब्रिक में उत्पादन कर रहा है जो माँ और बच्चों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।



### 3X COOL फैब्रिक से फायदा मिलेगा

श्री गिरीश दरयानी ने बताया कि महाराष्ट्र में यूनिफॉर्म फैब्रिक की खपत निरन्तर बढ़ती जा रही है। जिसका कैसे लाभ उठाया जा सकता है।

श्री गिरीश दरयानी ने बताया कि मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में यूनिफॉर्म फैब्रिक की लगभग 1.5 करोड़ मीटर वार्षिक खपत होती है। स्पर्श फैब द्वारा इस फैब्रिक डिस्प्ले में अपने नए इन्नोवेटिव फैब्रिक 3X COOL को लॉन्च किया, जो तीन अनूठी विशेषताएं लिए हुए हैं जिसमें दाग धब्बों और धूल मिट्टी को ना जमने दे, क्लीनिंग को बनाए आसान दूसरा डायनामिक ड्राइंग मॉइश्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए और आपको तंदुरुस्त रखें, एंटी स्टैटिक स्टेटिक बिल्डअप, को अवरोध करने वाला यूनिफॉर्म सुरक्षित टिकाऊ और आराम देह हो यह सब खूबियाँ इस नए डवलपमेण्ट में विध्यमान है, जिसे एक कैटलॉग के रूप में प्रदर्शित



### उद्योग विशेषज्ञ द्वारा स्पन शेड्स पर चर्चा

बिड़ला सेल्यूलोज के कंट्री हेड श्री अंकुर थोराट ने भारत में टिकाऊ कपड़े के भविष्य पर जोर दिया।

इस फैब्रिक डिस्प्ले में बिरला सेल्यूलोज के श्री अंकुश थोराट ने बताया की स्पन शेड्स टिकाऊ विस्कोस फैब्रिक का भविष्य है। उन्होंने कपड़ा उत्पादन में पर्यावरण का ध्यान रखने पर महत्वपूर्ण जोर दिया और कपड़ा उद्योग की भविष्य पर चर्चा की। श्री थोराट ने बताया कि स्पन शेड्स न केवल पर्यावरण प्रभाव को कम करता है बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले टिकाऊ कपड़ों की बढ़ती मांग को भी पूरा करता है। जिसका उपस्थित व्यापारियों ने पूर्व जोर समर्थन भी किया।

## शानदार फैब्रिक डिस्प्ले एवं आगामी चर्चा



श्री गिरीश तोदी-एमडी, इनोवेटिव फैब्रिक डिस्प्ले पर चर्चा




श्री विकास तोदी, सीईओ, व्यापारियों की जरूरतों को समझते हुए



कैटलॉग बुकिंग : आगामी सीजन के लिए तैयारी

### 300 से अधिक प्रीमियम यूनिफॉर्म फैब्रिक का डिस्प्ले

इस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी द्वारा नए डवलपमेंट की 300 से अधिक यूनिफॉर्म की रेंज का भव्य डिस्प्ले किया गया जो 3X COOL फैब्रिक से निर्मित है। जिसे व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला। 3X COOL फैब्रिक कैटलॉग बुक करने का अवसर मिला व्यापारी कैटलॉग को देखने के लिए उत्सुक थे जो खासकर इस फैब्रिक से तैयार किए गए है।



उपस्थित व्यापारियों द्वारा फैब्रिक की विशेषताओं पर एक नजर

### नये विजन के साथ आगे बढ़ते हुए शानदार सफलता

यह डिस्प्ले न केवल कार्यक्रम था बल्की कपड़ा उद्योग में हो रहे नए इनोवेशन का उदाहरण पेश किया गया साथ ही यूनिफॉर्म उत्पादन में हो रहे अनेक डवलपमेण्ट पर चर्चा हुई। स्पर्श फैब द्वारा अपने 3X COOL फैब्रिक के बारे में सभी से अपने विचार साझा किये जो वाकई में तारीफ के काबिल थे। वहां उपस्थित सभी व्यापारियों ने इस फैब्रिक की जमकर सराहना की। स्पर्श फैब एवं परसराम राजपाल की इस लम्बी छलांग को आगे बढ़ाने के लिए हम प्रतिबद्ध है और भविष्य में नए अवसर पैदा करने के लिए तत्पर है।

### उत्कृष्टता की मान्यता उत्कृष्ट योगदान करने वाले कर्मचारियों की सराहना और धन्यवाद

इस फैब्रिक डिस्प्ले में स्थानीय डीलर एवं स्पर्श फैब द्वारा सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया गया। स्पर्श फेब एवं डीलर द्वारा अपने सभी कर्मचारीयो को प्रोत्साहित करते हुए सभी को सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने टीम के सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करने की भावनाओं को बढ़ावा दिया।



डिस्प्ले के दौरान प्रशंसा के क्षण






FOR TRADE INQUIRES
AGENTS/DEALERS/ DISTRIBUTORS CALL:
MR. YOGESH JAIN- 9632110000
E-mail: mail@jsfashions.co.in

BRAND OWNED BY
J.S. FASHIONS (INTL) PVT. LTD.
IMPORTERS & EXPORTERS
BANGALORE (KARNATAKA)

### कारोबार कम होने से बाजार का समीकरण उल्टा पड़ा

# समर सीजन में किड्स वीयर के लिए पोलिएस्टर स्पन मिक्स कपड़ों की ओर रूझान

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

कपड़ों में ग्राहकी नहीं है। वीविंग क्षेत्र में उत्पादन नहीं बढ़ पा रहा है। यद्यपि कॉटन यार्न के भाव बढ़े है, लेकिन ग्रे सूती कपड़ों के भाव नहीं बढ़ रहे हैं। वीवर्स को कपड़ों की बिक्री लागत मूल्य के आसपास करनी पड़ रही है। जरूरत के अनुसार सूती ग्रे कपड़ों में कारोबार होने से वीवर्स का कम भाव पर भी ग्रे कपडों में सौदे करने की नौबत आ रही है। इसलिए आज भी भिवंडी में कपड़ों को उत्पादन 40 से 45 प्रतिशत की क्षमता पर हो रहा है। निर्यात कारोबार नहीं होने और रिटेल स्तर पर कपड़ों में मांग कुछ सीमित वैरायटी तक सीमित रहने से सीजन के दौरान भी कपड़े में कारोबार कम होने से बाजार का समीकरण उल्टा पड़ गया है।

वैवाहिक सीजन शुरू होने से पहले कारोबारियों को कपड़ों में अच्छे कारोबार की उम्मीद होने से नई वैरायटी का भरपूर स्टॉक करने की होड़ सी मची थी। सभी को लग रहा था कि अब बाजारों में ग्राहकी अच्छी चलेगी और बाजार का सेंटीमेंट बदलेगा। लेकिन ग्राहकी सरपट दौड़ने के बदले में धीमी रफ्तार पकड़ी और अब खरमास शुरू हो जाने से यह बिल्कुल शिथिल होती जा रही है। लेकिन गारमेंट की सेम्पलिंग शुरू हो गई है। गारमेंट सेम्पलिंग की ग्राहकी बाजारों में है। स्कूल यूनिफॉर्म की सीजन दिसम्बर-जनवरी से शुरू होने वाली है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए उम्मीद की जा रही है कि खरमास बाद बाजारों में ग्राहकी अच्छी चलेगी।

खरमास शुरू होते ही साउथ में कपड़ों की मांग कमजोर पड़ जाती है। 14 जनवरी को पोंगल है। पोंगल वेकेशन के लिए करीब एक सप्ताह तक तमिलनाडु बंद होने से कामकाज नहीं होता है। 22 दिसम्बर से 7 जनवरी तक क्रिसमस वेकेशन होने से अमेरिका तथा यूरोप में कामकाज बंद रहेगा। इस कारण निर्यात मांग में घटने का अनुमान है। कपड़ा सबंधित जीएसटी दरों को तर्क संगत बनाने की अटकलों से गारमेंट में भारी घबराहट है। 21 दिसम्बर को जीएसटी कौंसिल की होने वाली बैठक में इस बारे में निर्णय लिया जाता है या यह सिर्फ अटकलबाजी है। आज के दौर में प्रतिस्पर्धा अधिक होने से मूल्यवर्धित आइटमों में कारोबार बढ़ रहा है।

चाइना प्लस वन पॉलिसी के कारण भारत को निर्यात में कुछ लाभ हुआ है। परंतु यह फायदा उतना नहीं हो सका है, जितना वियतनाम, थाईलैंड, कम्बोडिया और मलेशिया को हुआ है, ऐसा नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है। अमेरिका में ट्रम्प सरकार आने पर चीन, मैक्सिको तथा कनाडा पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने पर भारत को अवसर मिल सकता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारी भागीदार है। यदि ब्रिक्स के देश अपना कॉमन करेंसी शुरू करते हैं, तो ट्रम्प सरकार इन देशों से अमेरिका आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात की है। भारत ब्रिक्स का सदस्य है। भारत से गारमेंट का सबसे अधिक निर्यात अमेरिका को होता है।

यूरोपियन यूनियन में नये रेगुलेशन लाने की तैयारी है। इसका भी असर टेक्सटाइल उद्योग पर होने की संभावना है। इसमें गारमेंट को शामिल किया गया है। गारमेंट के निर्यात के लिए अच्छी संभावनाओं के बावजूद देश से निर्यात कम हो रहा है, जबकि बांग्लादेश में गारमेंट फैक्ट्रियाँ बंद हो रही है। फिलहाल वहां शांति होने की संभावना कम नजर आ रही है। भारत के टेक्सटाइल उद्योग पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि 2023 में टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग का मूल्य 120 बिलियन डॉलर था, जिसे 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विश्व के कुल टेक्सटाइल व्यापार में भारत का हिस्सा 4.6 प्रतिशत है। सर्दियों में शर्टिंग में डार्क कलर चैक्स की मांग बाजारों में अधिक होती है। इंडिगो डार्क कलर चैक्स 58 ''पना का बाजार भाव 105 से 110 रू है। बेसिक शर्टिंग प्लेन में धंधा कम हो गया है। वैवाहिक सीजन के कारण फैंसी शर्टिंग में कारोबार अभी तक अच्छा रहा है। इस सीजन का सूटिंग एवं शर्टिंग का फिनिश माल रिटेल काउंटरों पर पहुंच जाने के बाद शर्टिंग उत्पादकों ने समर सीजन की बुकिंग पर अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। समर में कॉटन कपड़ों पर लाइट कलर और मीडियम कलर शेड्स अधिक चलते हैं। पीस डाईड एवं प्रिंटेड शर्टिंग की भी मांग रहती है। किड्स वीयर के लिए पोलिएस्टर स्पन मिक्स कपड़ों की तैयारी है।

एक ओर समर सीजन की तैयारियां चल रही है। समर में चलने वाले कपड़ों को अंतिम रूप देने की माथापच्ची हो रही है। लेकिन उत्पादन केंद्रों भिवंडी, इरोड़ और सूरत की ओर कपड़ों के उत्पादन की गति धीमी है। भिवंडी में 40 से 45 प्रतिशत के बीच उत्पादन हो रहा है, तो इरोड़ में कपड़ों का उत्पादन 30 प्रतिशत पर बना हुआ है। साउथ के ग्रे कपड़ों में सौदा मुंबई के व्यापारियों द्वारा किया जाता रहा है, इसमें अब कमी आ गई है। साउथ के वीवर्स सीधे सौदा करने लगे है। ग्रे कपड़ों का उत्पादन घटने के कारण प्रोसेस्ड कपड़ों की डिलिवरी में देरी हो रही है। ग्रे कपड़ों का भाव ऊंचा है, जबकि फिनिश्ड कपड़ों का भाव मध्यम स्तर पर है।

# पोपलीन, पेटीकोट, नाइटी के साथ अन्य उत्पादों की बढ़ती मांग

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**

औद्योगिक क्षेत्र में ग्राहकी का उफान निरंतर बढ़ता नजर आ रहा है। पोपलीन, पेटीकोट, नाइटी के साथ अन्य उत्पादों की बढ़ती मांग ने उद्यमियों के चेहरे पर रौनक की लालिमा को आच्छादीत किया लगता है। कुछ भी हो उत्पादकों को यह एहसास हो गया है कि निकटवर्ती सीजन उनको अन्य वर्षो की अपेक्षा अच्छा प्रतिशत देगा। श्रमिकों की कमी कुछ हद तक दूर हुई किंतु भयंकर सर्दी ने उत्पादन को कुंठित कर दिया। माल धोने सुखाने में बहुत समय लगने लगा है। माल अगर ग्रे पर रह गया तो सांयकाल की आद्रता उस माल को पुनः गिला किए बिना नहीं रहती। इस प्रकार माल तैयार करने की प्रक्रिया में बहुत अधिक समय लगने लगा है इसे तैयार माल की व्यवस्था स्थित चलानी में समय लगने लगा है। जिनके स्टॉक में तादाद में माल है वह शीघ्र चलाने का लाभ उठा रहे हैं। कुछ भी हो इस क्षेत्र के उत्पादों की देशव्यापी साख और गुणवत्ता के दिशावरी व्यापारी कायल है। यही कारण है कि स्थानीय माल की कद्र सभी करते हैं। कई प्रतिष्ठान यहां ऐसे हैं जिनके नियमित ऑर्डर आर आर डी रेट के आते हैं। यह कम उनके वर्षों से चला आ रहा है। यह निश्चित रूप से आपसी प्रगाढ़ता अतीव विश्वास के लक्षण हैं।

दिनों दिन इस क्षेत्र की पोपलीन, नाइटी, पेटिकोट के अलावा साड़ी फॉल, रुबिया, पॉकेटिंग क्लॉथ, शर्टिंग, सूटिंग, रोटो, स्कार्फ, लूंगी, वेलवेट के साथ अस्पतालों व सेना के लिए भी कई प्रकार के उत्पादों का निर्माण हो रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से या दूसरों के माध्यम से यहां के उत्पाद विदेश में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। रिफाइनरी के पूर्ण रूप से कार्यरत होने के पश्चात कई भीमकाय उद्योगों के लगने की संभावनाए हैं। बताया जाता है कि ऐसे उद्योग लगाने वालों ने पर्याप्त भूमि भी अपने नाम करवाली हैं। निकट भविष्य में सरकार ने सुध ली तो गारमेंट क्षेत्र व ग्रे क्लॉथ उत्पादन में यह क्षेत्र विशेष नाम अर्जित करने में सफल होगा। स्थानीय उद्यमी माल तैयार करने में माहिर है। हिम्मत और हौंसले के आधार पर रिस्क लेकर कुछ ना कुछ नया करने की धुन सवार रखते हैं। लगातार बढ़ती मशीनों की संख्या इस बात को दर्शाती है। मौसम श्रमिकों का पर्यावरण में कारणों से उत्पादन पर दबाव बना रहता है। समय के परिवर्तन को देखकर यहां के उत्पादकों ने पैकिंग को आकर्षक व लुभावना बनाने के संदर्भ में कई महत्त्वपूर्ण प्रयोग किये व कर रहे हैं।




Simone Federico & Figli began its journey in 1876 from the picturesque town of Biella, nestled in the heart of Italy.

NOW IN INDIA AVAILABLE IN A STORE NEAR YOU

SIMONE FEDERICO & FIGLI
5th Floor, Gopal Bhawan, 199 Princess Street, Mumbai - 400 002 (MH) India; Tel.: +91 22 6633 6571 - 75
Customer Care: +91 22 6633 6576 | info@simonefederico.com | www.simonefederico.com

OUR ASSOCIATES:
FABCOTT INDIA CLOTHING LLP, DELHI: DELHI / PUNJAB / HARYANA / UTTAR PRADESH 9999831777 | PADMAVATI FABRICS, KOLKATTA: WEST BENGAL / BIHAR 09831025671 | MANISH TRADING CO., AHMEDABAD: GUJARAT / MADHYA PRADESH 9429004140 | MEGHAJI ASHWIN SHAH, MUMBAI: MAHARASHTRA 9819604002 | VINAYAKA TRADING CO., JAIPUR: RAJASTHAN 9602340000 | SHA HIRACHAND JAWANMAL & CO., BANGALORE: KARNATAKA 9886290009 | SHIVAM FABRICS PVT. LTD., HYDERABAD: TELANGANA / ANDHRA PRADESH 9885444440 | COTTON HOUSE, CHENNAI: TAMILNADU 9884247460 | HEMA INC, BANGALORE: KERALA 9448575111


MINISTRY OF TEXTILES
Government of India
सत्यमेव जयते
INSPIRED BY THE 5F VISION
FARM TO FIBRE TO FACTORY TO FASHION TO FOREIGN
INDIA'S LARGEST GLOBAL TEXTILE EVENT RETURNS
Bharat tex 2025
Global Textile Expo
New Delhi | Feb 14-17
TEXTILES
FASHION
SUSTAINABILITY
VENUE
BHARAT MANDAPAM, NEW DELHI, INDIA
5,000+ EXHIBITORS
6,000+ OVERSEAS BUYERS
1,20,000+ TRADE VISITORS
2,20,000+ SQ. METERS EXHIBITION AREA
60+ Knowledge Sessions | 110+ Countries | 20,000+ Textile Products
PLATINUM PARTNERS
ADITYA BIRLA GROUP
Reliance Industries Limited
GOLD PARTNER
TRIDENTGROUP Being different is normal
Welspun LIVING
SILVER PARTNERS
Arvind FASHIONING POSSIBILITIES
SHAHI
Vardhman
FASHION PARTNER
PDS
SUSTAINABILITY PARTNER
gokaldas exports ltd.
BRONZE PARTNER
INDORAMA
Scan here for a Hosted Buyer Program
Visit:
www.bharat-tex.com
Follow us on: /Bharat_tex /bharat_tex/ /bharattex2025 /showcase/bharattex/ /@BharatTex

# asharfi®
FABRICS

A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE

HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

## Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.

**For Trade Enquiry**: - Call **-87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :- YouTube

# सम्पादकीय....

## खतरे में संसद की गरिमा

**दोनों** पक्षों के बीच शत्रु भाव कम होने के कोई आसार इसलिए नहीं दिख रहे हैं क्योंकि ऐसे मुद्दे सतह पर लाए जा रहे हैं जिनका कोई औचित्य नहीं बनता और जिनका मकसद लोगों को बरगलाना है। बीते कुछ समय से यह जो भय का भूत खड़ा किया जा रहा है कि संविधान खतरे में है वह राजनीति के छिछले स्तर का ही परिचायक है।

शीतकालीन सत्र में संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं कि उसकी गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि उसकी बची-खुची गरिमा भी खत्म करने की कोशिश हो रही है।

यह शायद इसी कोशिश का नतीजा रहा कि गत दिवस संसद परिसर में सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसद भिड़ गए और उनमें ऐसी धक्का-मुक्की हुई कि दो भाजपा सांसदों को चोट लग गई। यह मानना कठिन है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। चोटिल भाजपा सांसदों का आरोप है कि राहुल गांधी और उनके साथी उनसे जानबूझकर भिड़े।

राहुल गांधी और उनके साथियों का जवाबी आरोप यह है कि उनका रास्ता रोकने की कोशिश की जा रही थी और इसके चलते मल्लिकार्जुन खरगे गिर गए थे। यदि यह मान लिया जाए कि ऐसा हुआ तो क्या उसका प्रतिकार सत्तापक्ष के सांसदों को धक्का देकर चोटिल करना और आक्रामक ढंग से एक महिला सांसद के निकट जाकर उन्हें असहज करना था?

पता नहीं किसके आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, देश को भी शर्मिंदा करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि वह मर्यादा से विहीन दिखने लगे। ऐसी राजनीति केवल धिक्कार की पात्र होती है। संसद की मर्यादा को तार-तार करने वाली उक्त घटना सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता का ही नतीजा है।

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद पक्ष-विपक्ष के बीच जो राजनीतिक कटुता पनपी, वह अब बेहद विषाक्त रूप ले चुकी है। इस कटुता के चलते मिथ्या आरोप लगाने में संकोच नहीं किया जा रहा है। विडंबना यह है कि इन दिनों जिन डॉ. आंबेडकर के नाम पर पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को कोसने में लगे हुए हैं, वह खुद उन तौर-तरीकों को अराजकता का व्याकरण कहते थे, जो संसद के भीतर-बाहर देखने को मिल रहे हैं। पक्ष-विपक्ष के बीच शत्रुतापूर्ण संबंध केवल भारतीय राजनीति ही नहीं, लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक हैं।

दोनों पक्षों के बीच शत्रु भाव कम होने के कोई आसार इसलिए नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि ऐसे मुद्दे सतह पर लाए जा रहे हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं बनता और जिनका मकसद लोगों को बरगलाना है। बीते कुछ समय से यह जो भय का भूत खड़ा किया जा रहा है कि संविधान खतरे में है, वह राजनीति के छिछले स्तर का ही परिचायक है।

यदि इस छिछली राजनीति पर लगाम नहीं लगी तो जो कुछ गत दिवस संसद में देखने को मिला, वह आगे भी देखने को मिलेगा और शायद कहीं अधिक फूहड़ रूप में। यदि कोई यह समझ रहा है कि धक्का-मुक्की वाली राजनीति से उसे कोई लाभ मिलेगा तो ऐसा नहीं होने वाला, क्योंकि जो कुछ हो रहा है, उससे लोगों में राजनीति के प्रति अरुचि ही पैदा हो रही है।

# कुछ नया, कुछ अलग •

## आगामी नए साल के लिए लेने योग्य कुछ संकल्प


श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**नमस्कार मित्रों,**

कुछ ही दिनों में 2024 का साल हमें अलविदा कहकर खत्म हो जाएगा और 2025 का साल शुरू हो जाएगा। हर साल की तरह आने वाले 2025 के नए साल के लिए भी हमें कुछ संकल्प लेने चाहिए और अपने जीवन के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। नया साल लोगों के लिए नई आशाओं और संभावनाओं के साथ आता है। नए साल में लिए जाने वाले इन संकल्पों को न्यू ईयर रेजोल्यूशन कहा जाता है। आज हम कुछ ऐसे न्यू ईयर रेजोल्यूशन के बारें में चर्चा करेंगे, जो हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### अपनी सेहत पर ध्यान दें

नए साल में अपनी सेहत को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दें। खुद को हमेशा स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार लें और नियमित रूप से व्यायाम करें। शरीर की फिटनेस के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। जंक फूड और पैकेज्ड फूड का सेवन कम से कम करें, क्योंकि इनमें उच्च मात्रा में शुगर, फैट और सोडियम होता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके अलावा, हो सकें तो रोज 1 से 2 घंटा चलें। मानसिक तनाव दूर करने के लिए योग का सहारा लें।

### पर्यावरण की रक्षा करें

आज के समय में हम सभी किसी न किसी रूप में पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, इसलिए यह जरूरी है कि हम पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुँचाने की कोशिश करें। हमें बिजली का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करना चाहिए। जन्मदिन या खास अवसरों पर उपहार के तौर पर पौधे देना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। पानी की बचत करें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा करें। नजदीकी स्थानों पर पैदल चलकर जाएँ। इसके अलावा, प्लास्टिक और पोलिथीन बैग का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करें क्योंकि ये पर्यावरण के लिए अत्यधिक हानिकारक होते हैं। ऐसे छोटे छोटे कदम उठाकर हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं।

### परिवार के लिए समय निकालें

आजकल की तेज़ रफ्तार भरी जिंदगी में हम अपने काम और जिम्मेदारियों को लेकर इतना व्यस्त होते हैं की परिवार के साथ वक्त नहीं बिता पाते। ऐसे में जरूरी है कि हम हफ्ते में एक या दो दिन परिवार के साथ बिताने की कोशिश करें। बच्चों के साथ खेलें, उनके शौक और अभ्यास में रुचि लें। विकेंड पर उन्हें बाहर घुमाने ले जाएँ। इसके अलावा, घर में बुजुर्गों के साथ वक्त बिताएँ और उन्हें नई टेक्नोलोजी से परिचित कराएँ। उनसे उनकी दिनचर्या के बारें में पूछें।

### बुरी आदतों से अपना पीछा छुड़ाएँ

नए साल में यह संकल्प जरूर लें कि आप हर हाल में शराब और धूम्रपान जैसी बुरी आदतों से छुटकारा पाएंगे। यह आदतें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बेहद गंभीर प्रभाव डालती है, जिसके कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। अधिक शराब पीने से लीवर की समस्याएँ होती है। जबकि, धूम्रपान से कैंसर जैसे गंभीर रोग हो सकते हैं।

भूतकाल को भूलकर भविष्य पर फोकस करें।

जो बीत गया उसे भूल जाएँ और भविष्य कैसे उज्वल हो सकता है इसके लिए निरंतर प्रयत्नशील रहें। अतीत में जो कुछ हुआ, उसे बार-बार याद करके कोई मतलब नहीं है। इसके बजाय, आने वाले कल पर अपना ध्यान केंद्रित करें। गुज़रा हुआ वक्त वापस कभी नही लौटता। अगर कामयाब होना है तो आने वाले कल के लिए सपने देखो और वह सपने पूरे करने के लिए कड़ी मेहनत, लगन और पुरुषार्थ करो।

### भगवान का धन्यवाद अदा करें

जीवन के हरेक मोड़ पर भगवान का धन्यवाद अदा करें। भगवान ने हमें अच्छा स्वास्थ्य, तंदुरूस्त शरीर, सुखी परिवार और बहुत कुछ दिया है, जिसके लिए हमें हर रोज भगवान का आभार व्यक्त करना चाहिए। मुश्किल वक्त में भी भगवान का आभार माने ताकि भगवान हमें कठिनाइयों से लड़ने के लिए साहस और हिम्मत देते हैं।

आप सभी को आने वाले नए साल की हार्दिक शुभकामनाएँ। आशा करता हूँ 2025 का वर्ष आपके लिए ढेर सारी खुशियाँ, समृद्धि, सफलता और तंदुरूस्त स्वास्थ्य लेकर आए। इसी उम्मीद के साथ मैं अपनी बात को विराम देना चाहूँगा। फिर मिलेंगे एक नए विषय के साथ। तब तक के लिए अलविदा।

**Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111**

# बोधगया में तुम तो ठहरे परदेशी... पर झूमे श्रोता

**गया / शिव कुमार कौशिक**



बोधगया का महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र शनिवार की रात गीत-शायरी से झंकृत हो उठा। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अल्ताफ राजा ने गीत-गानों की ऐसी सुर-तान छेड़ी कि सर्द मौसम में पूरा माहौल गर्म हो गया। कव्वाली किंग अल्ताफ राजा ने गयावासियों से खूब प्रेम और तालियां बटोरी। मौका था डालमिया सिंथेटिक्स की ओर से आयोजित सेल्स कॉन्फ्रेंस व आईजोरा गोल्ड डायमंड एग्जिबिशन का। सेल्स कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन शनिवार को कार्यक्रमों की धूम रही। कॉन्फ्रेंस व एग्जिबिशन का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अल्ताफ राजा रहे।

भव्य मंच पर जैसे ही अल्ताफ राजा ने अपनी पहली पेशकश 'आवारा हवा का झौंका हूं' गया, सैकड़ों की भीड़ झूम उठी। गीत-शायरी के साथ वाहवाही का दौर शुरू हुआ व अंत तक जारी रहा। जैसे ही अल्ताफ राजा ने 'तुम तो ठहरे परदेशी साथ क्या निभाओगे' पेश किया, पूरी महफिल झूम उठी। एक से बढ़कर एक हिट गानों का श्रोताओं ने पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। 'इश्क और प्यार का मजा लीजिए, थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए' पेश किया तो भीड़ पुनः झूमने को मजबूर हो गयी। बीच-बीच में पेश की गई शायरी ने लोगों को रूमानी बना दिया। मुंबई व कोलकाता के कलाकारों ने भी गानों व जबरदस्त डांस के जरिए सर्द या में तत्पर रात में गर्म हो गया। भव्य मंच पर आयोजक शिव कैलाश डालमिया व गौतम डालमिया ने मशहूर गायक अल्ताफ राजा के साथ अन्य कलाकारों के अलावा विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वश्री मेयर गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव, डालमिया सिंथेटिक्स के प्रोपराइटर मुन्ना डालमिया, रेणु देवी डालमिया, गौतम डालमिया, विनोद जसरापुरिया, डा. वीरेंद्र कुमार, विनय जैन, राजेश झुनझुनवाला सहित कई जिले के सैकड़ों व्यवसायी शामिल रहे।

### एग्जिबिशन में 80 से अधिक कंपनियों के लगे थे स्टॉल

आयोजक शिव कैलाश डालमिया व गौतम डालमिया ने बताया कि महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में भव्य तरीके से सेल्स कांग्रेस व गोल्ड डायमंड आईजोरा (इंडिया) एग्जिबिशन का समापन शनिवार की रात हो गया। इसमें देश भर के करीब 80 से अधिक कंपनियों के स्टॉलों पर दोनों दिन भीड़ बनी रही। बढ़िया रिस्पॉन्स रहा। सैकड़ों कारोबारियों ने शर्ट-पेंट के कपड़े से लेकर दुल्हन की साड़ियां व लहंगे व आईजोरा (इंडिया) के गोल्ड डायमंड गहनों की खरीदारी की। खरीदारी व बुकिंग पर व्यवसायियों को उपहार मिले। कॉन्फ्रेंस में देश के नामचीन कंपनी के स्टॉल लगे रहे। मगध के साथ आसपास के कई जिलों के कारोबारी आए।

# वित्त मंत्री को 12 सूत्रीय ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**



आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल मुजफ्फरनगर द्वारा जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से बजट में व्यापारिक समस्याओं के निराकरण हेतु वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को एक 12 सूत्री ज्ञापन भेजा गया। देश का व्यापारी भारत की उन्नति एवं प्रगति में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। बिना कोई वेतन अथवा कमीशन लिए राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि करने का कार्य व्यापारी कर रहा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में व्यापक सुधार हो रहा है। मोदी जी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र समग्र उन्नति और विकास एवं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है किंतु व्यापारियों की कुछ व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, जो आगामी बजट में निराकरण हेतु प्रेषित है।

- सीनियर सिटीजन व्यापारी के लिए सरकारी कर्मचारी की तर्ज पर सम्मानजनक पेंशन योजना लाई जाए।
- 10 लाख तक आय पूर्णतया करमुक्त हो।
- धारा 43 बी एमएसएमई का क्रियान्वयन केवल विक्रेता की शिकायत पर ही हो, अन्यथा नहीं।
- टीडीएस कलेक्शन का 1 प्रतिशत किसी भी रूप में व्यापारी को वापस दिया जाए।
- टीडीएस जमा करने में लेट होने पर सजा का प्रावधान समाप्त हो।
- सरकार की ब्याज दर लेने की और रिफंड देने की दरें एक ही हो।
- सभी व्यापारियों और वरिष्ठ नागरिकों 60 वर्ष से ऊपर वालों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए।
- मुजफ्फरनगर में काली नदी का सौंदर्य करण साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर किया जाए।
- टोल टैक्स की दरें कम की जाए, लागत मूल्य वसूली होने के बाद टोल टैक्स लेना बंद किया जाए, प्राइवेट कारों से टोल टैक्स समाप्त किया जाए।
- रेडीमेड कपड़े पर 12 प्रतिशत जीएसटी का स्लैब समाप्त करके 5 प्रतिशत का एक ही स्लैब लागू किया जाए। अभी 5 प्रतिशत तथा 12 प्रतिशत के दो स्लैब हैं। हर आम और खास व्यक्ति के लिए प्रयोग होने वाले कपड़े के लिए 5 प्रतिशत का एक ही स्लैब जीएसटी में रखा जाए।
- व्यापारी कोटे से पांच राज्यसभा, पांच विधानसभा विधायक, पांच नगर पालिका सभासद व्यापारी नामित किए जाएं ताकि व्यापारियों की समस्याएं सुगमता से सरकार तक पहुंचे और व्यापार का मार्ग प्रशस्त हो, राजस्व में वृद्धि हो।
- जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों व उद्योगपतियों का नए-नए भिन्न-भिन्न तरीकों से उत्पीड़न किया जा रहा है इस उत्पीड़न को अविलंब बंद कराया जाए ताकि व्यापारी और उद्यमी अपना व्यापार और उद्यम सुगमता से चला सके।

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ कौटिल्य के अनुसार कर का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जैसे भंवरा फूल से पराग एकत्र करता है किंतु फूल को कोई नुकसान नहीं होता इसी प्रकार रामचरितमानस में भी कहा गया है कि कर का स्वरूप ऐसा हो जैसा सूर्य समुद्र से जल एकत्र करके बारिश करता है और समुद्र के स्वरूप को कोई नुकसान नहीं होता।

अशोक कंसल जिला अध्यक्ष, अजय सिंघल नगर अध्यक्ष, श्याम सिंह सैनी जिला महामंत्री, प्रवीण खेड़ा नगर महामंत्री, राकेश गर्ग, दिनेश बंसल सुलखान सिंह नामधारी, बाबूराम मलिक, अजय गुप्ता, मनोज गुप्ता अमित मित्तल, रामपाल सेन, अशोक छाबड़ा, पवन छाबड़ा आदि की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया।

# YARN Rate
## यार्न रेट्स 20 दिसम्बर, 2024

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 222 |
| 2/18 Dyed | 187 |
| 2/40 Dyed | 262 |
| 2/30 Frosted | 222 |
| 2/30 Dyed Slub | ---- |
| 2/30 School Dress Clourer | ---- |

### R.T.M PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/30 Frosted | ---- |

### SRM Spinners Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 158 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 168 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 162 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 178 |
| 1/15 Poly Black | 108 |
| 20 PV Black | 152 |
| 15 PV Black | 148 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 190 |

### PANIPAT YARN- 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 107-152 |
| 150 Roto Black. | 110-156 |
| 150 Roto Bright. | 126-144 |
| 150/250 grey. | 114-156 |
| 150/250 dyed | 130-172 |
| 150 FDY. | 125 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 126 |
| 2/40 POLY | 172 |
| 2/15 Poly Grey | 117 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 110 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 60-108 |
| 6 cone. OE | 64-151 |
| 10 cone OE | 92-210 |
| 2/4 cone OE | 92-160 |
| 2/6. OE | 97-173 |
| 2/8 OE | 98-175 |
| 2/10 OE. | 113-227 |
| 2/20 OE. | 222-299 |
| 2/30 RF. | 302-424 |
| 2/40 RF | 299-406 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 196 |
| 15 CONE | 199 |
| 20 CONE | 207 |
| 2/15 CONE | 212 |
| 2/40 CONE | 263 |

### Raghav Group (94141-11402)
Email: sheetal@raghavindia.com

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 166 |
| 1/14 OE | 164 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 196 |
| 30 KW | 269 |
| 30CWC | 276 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 322 |
| 50 CW COMPACT | 392 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 159 |
| 1/20 POLY 100% | 149 |
| 1/15 POLY 100% | 144 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 196 |
| 2/18 P/V BLACK | 170 |
| 2/30 P/V BLACK | 235 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 167 |
| 10 OE | 178 |
| 10 LYCRA | 259 |
| 10 SLUB LYCRA | 280 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | ---- |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | ---- |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | ---- |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv | ---- |
| 2/30 pv | ---- |
| 1/20 pv | ---- |
| 1/15 pv | ---- |

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 212 |
| 2/60 PVT | 216 |
| 2/60 Polyster | 235 |
| 2/76 Polyster | 275 |
| 2/60 P.V. | 258 |
| 2/60 P.C. | 265 |
| 150/48/400 Bright | 130 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 158 |
| 65/36/600 Bright Rate | 212 |
| 100/36/1450 | 142 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 196+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/50 Dyed | ---- |

### RATAN BARJATIYA SPINNERS
Bhavit Jain: 9928913144

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 270 |
| 2/40 PV | 200 |
| 2/30 PV | 180 |
| 2/24 PV | 174 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 164 |
| 2/15 PV | 160 |
| **Recycled PV Yarn 70:30** | |
| 2/40 PV | 180 |
| 2/30 PV | 160 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 240 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 160 |
| 2/24 Poly | 154 |
| 2/20 Poly | 145 |
| 2/15 Poly | 140 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 160 |
| 2/30 recycled | 140 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 110 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 240 |
| 2/30 PC | 225 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 160 |
| 2/30 pv black | 185 |

### PAWAN ENTERPISES
9414111656

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 159 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 191 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 225 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 150 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 153 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 160 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 165 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 183 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 129 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 147 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 195 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 250 |

# कॉटन यार्न की मांग अधिक नहीं फिर भी भाव प्रति किलो 20 से 25 रू तक सुधरे

मुंबई/ कॉटन यार्न के भाव बढ़कर बोले जा रहे हैं। ग्रे कपड़ों का उत्पादन ढीला है। ग्रे कपड़ों की लेवाली धीमी है। कपड़ों का उठाव धीमा होने से वीवर्स को लागत अथवा कम भाव पर भी ग्रे कपड़ों को बेचने की नौबत आ रही है। इसलिए वीविंग इकाइयों में यार्न की मांग में बहुत जोर नहीं हैं, फिर भी कॉटन यार्न के भाव प्रति किलो 20 से 25 रू तक बढ़े है। ग्रे कपड़ों का उत्पादन 40 से 45 प्रतिशत की रेंज में होने से वीवर्स कॉटन यार्न की उतनी ही खरीदी कर रहे हैं, जितनी जरूरी है। कॉटन यार्न में तेजी की संभावना नहीं होने पर भी हाजिर बाजार में यार्न के भाव बढ़ने शुरू हो गए हैं। यदि कॉटन यार्न में इसी तरह की तेजी रहती है और रूई में स्थिरतीता रही तो यार्न का उत्पादन बढ़ेगा। देश में रूई के भाव वैश्विक भाव की तुलना में अधिक है। वैश्विक बाजारों में रूई सस्ती है। यार्न की लागत ऊंची होने से निर्यात सौदा कम हो गया है। बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति भी यार्न बनाने वाली मिलों के लिए सिरदर्द है। चीन की यार्न की मांग बिल्कुल नहीं है। बांग्लादेश में निर्यात पर संकट इसलिए है कि यहां निर्यात करने पर जोखिम अधिक है। परिस्थितियां कब क्या करवट लेगी, कहना अभी बहुत कठिन है। बांग्लादेश में जिस तरह से अराजकता का माहौल बना है, भारत विरोधी मुहिम चलाई जा रही है, ऐसी स्थिति में बांग्लादेश में यार्न का निर्यात करने के लिए स्पिनिंग मिलें तैयार नहीं है। स्पिनिंग मिलें कॉटन यार्न का उत्पादन बढ़ाने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। निर्यात कारोबार कम होने का प्रमुख कारण यार्न की लागत से कम भाव विदेशी बाजारों में मिलना है।

# विश्व बाजार में नीचे भाव का असर

## देश के कॉटन आयात में भी भारी वृद्धि

**नई दिल्ली / राजेश शर्मा**

हाल के कुछ महीनों के दौरान विश्व बाजार में कॉटन के भाव में आई भारी गिरावट के कारण भारत के आयात में भारी वृद्धि हुई है जबकि निर्यात प्रभावित हो रहा है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानि सीएआई के प्रेसीडेंट श्री अतुल गनात्रा के अनुसार अक्टूबर 2024 से आरंभ हुए कॉटन वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में देश में 9 लाख गांठ (170 किलो) कॉटन का आयात हो चुका है जो गत वर्ष की इसी अवधि के आयात की तुलना में 3 गुना अधिक है। गत सीजन यानि 2023-24 की इसी अवधि में कॉटन का आयात केवल 3 लाख गांठ ही था। श्री गनात्रा का कहना है कि विश्व बाजार में भाव नीचे होने के कारण 2024-25 के पूरे वर्ष में कॉटन का आयात 25 लाख गांठ तक पहुंचने का अनुमान है। गत पूरे वर्ष में कॉटन का आयात केवल 15.20 लाख गांठ हुआ था। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में पिछले कुछ महीनों से कॉटन के भाव में लगातार गिरावट आ रही है। श्री गनात्रा का कहना है कि अगस्त-सितम्बर में विश्व बाजार में कॉटन के भाव में भारी गिरावट के बाद भारी गिरावट के बाद बड़ी मात्रा में कॉटन के आयात सौदे किए और यह कॉटन अक्टूबर और नवम्बर में भारतीय बंदरगाहों पर पहुंची।

जानकारों का कहना है कि उसके बाद एक बार भाव में सुधार हुआ था लेकिन अब फिर घट गए हैं। फिलहाल न्यूयॉर्क कॉटन मार्च वायदा गिर कर 70 सेंट प्रति पाऊंड से भी नीचे आ गया है। बुधवार को न्यूयॉर्क में मार्च वायदा गिरकर 68.08 सेंट रह गया था। जानकारों का कहना है कि वर्तमान में विश्व बाजार में कॉटन के भाव गिर कर 6 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं तथा अभी और गिरावट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि चीन की मांग प्रभावित हो सकती है।

बाजार में आशंका है कि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प आगामी माह शपथ ग्रहण करने के बाद चीन से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर टैरिफ में वृद्धि कर सकते हैं। इससे चीन भी पलटवार कर सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले कार्यकाल के दौरान अमेरिका ने चीन के विरुद्ध व्यापार युद्ध छेड़ दिया था। उल्लेखनीय है कि चीन कॉटन का एक बड़ा आयातक देश है। व्यापारियों का कहना है कि कॉटन में आ रही गिरावट का एक कारण विश्व में आर्थिक संकट की आशंका भी है। इससे कॉटन की मांग प्रभावित हो सकती है। जानकारों के अनुसार गत कुछ वर्षों से विश्व में कॉटन की खपत घटती जा रही है और इसका स्थान मैनमेड फाइबर ले रहा है। इसके अतिरिक्त ब्राजील में कॉटन अधिक होने और वहां से निर्यात में वृद्धि के कारण भी न्यूयॉर्क कॉटन में गिरावट आ रही है।

**घटेगा निर्यात-** श्री गनात्रा का कहना है कि जहां एक ओर आयात में वृद्धि हो रही है, वहीं चालू वर्ष कॉटन के निर्यात में कमी आने की संभावना है। हालांकि अक्टूबर और नवम्बर के दौरान देश से कॉटन का निर्यात बढ़कर 4 लाख गांठ हो गया है लेकिन श्री गनात्रा का कहना है कि कुल मिलाकर चालू वर्ष के दौरान देश से निर्यात में भारी कमी आएगी क्योंकि घरेलू बाजार में भाव विश्व बाजार की तुलना में ऊंचे बने हैं। हालांकि सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से नीचे हैं।

चालू वर्ष यानि 2024-25 में देश से कॉटन का कुल निर्यात गत वर्ष की तुलना में लगभग 36 प्रतिशत गिर कर 18 लाख गांठ रह जाने का अनुमान है। गत वर्ष देश से कुल 28.36 लाख गांठ कॉटन का निर्यात किया गया था।

**सरकारी खरीद गत वर्ष से पार-** इसी बीच, कम उत्पादन के बावजूद खपत में गिरावट की आशंका से देश में कॉटन के भाव सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे बने हुए हैं और सरकारी एजेंसी खरीद कर रही है।

एक अनुमान के अनुसार कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की खरीद लगभग 33 लाख गांठ का स्तर छू चुकी है। गत वर्ष कॉटन की कुल खरीद 32.81 लाख गांठ हुई थी। जानकारों का कहना है कि बाजार की वर्तमान स्थिति को देखते हुए देश में कॉटन की खरीद 50 लाख गांठ से 70 लाख गांठ के बीच पहुंच सकती है।

हालांकि सीसीआई पूरे देश में कॉटन की खरीद कर रही है लेकिन सबसे अधिक लगभग 20 लाख गांठ की खरीद केवल तेलंगाना में की है जबकि महाराष्ट्र में लगभग 5.60 लाख गांठ की खरीद की है।

## यूके के गारमेंट.... पेज 1 का शेषांश

उन्होंने कहा कि भारत का जोर स्थिरता और नैतिक प्रथाओं पर है। और वह यूके के प्रति एक जिम्मेदार सोर्सिंग और सर्कुलर फैशन के लिए प्रतिबद्ध है। उनका कहना है कि भारत एक अधिक टिकाऊ, अभिनव और लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भारत टेक्स 2024 की अपार सफलता के बाद फरवरी में भारत टेक्स 2025 का आयोजन कर रहा है। विदेशी खरीददारों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए देशे के विभिन्न शहरों के अतिरिक्त विदेशों में भी रोड शो का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में नवम्बर के अंत में लंदन में रोड शो का आयोजन किया गया था। एईपीसी के अनुसार लंदन में आयोजित रोड शो विदेशी श्रृंखलाओं में सबसे बड़ा था जिसमें वहां के फैशन उद्योग के विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांडों, खुदरा श्रृंखलाओं और कपड़ा उद्योग की एसोसिएशनों सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस रोड शो में वाणिज्य मंत्रालय में व्यापार सलाहकार सुश्री शुभ्रा के अतिरिक्त एईपीसी के अध्यक्ष श्री सुधीर सेखरी, एईपीसी की निर्यात संवर्धन समिति के अध्यक्ष श्री प्रेमल उदानी और घेरजी कंसल्टिंग के श्री रोजर गिलमार्टिन सीनियर एसोसिएट के साथ ही अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एईपीसी के अनुसार प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त श्री विक्रम दोरईस्वामी से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने व्यापार, संयुक्त उद्यम, एफटीए आदि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इस रोड शो के अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने वहां के प्रमुख हितधारकों के साथ अलग-अलग मीटिंग भी की तथा टेक्सटाइल उत्पादन में वैश्विक लीडर के रूप में भारत की स्थिति और निर्यात और नवाचार में और वृद्धि के अवसरों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और पर्यावरण-अनुकूल कपड़ा उत्पादन में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने में टिकाऊ सामग्रियों की भूमिका का पता लगाया। उन्होंने संभावित साझेदारियों और सहयोगों पर भी चर्चा की जो अनुसंधान, विकास और निर्यात रणनीतियों सहित भारत के कपड़ा उद्योग को ऊपर उठाने में सहायता कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत टेक्स 2024 की सफलता से प्रेरित होकर भारत टेक्स के दूसरे संस्करण यानि भारत टेक्स 2025 का आयोजन फरवरी में नई दिल्ली और नोएडा में किया जा रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14-17 फरवरी और 2025 तक नई दिल्ली में भारत मंडपम और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 12-15 को किया जा रहा है।

## ट्राउजर्स में अभी..... पेज 26 का शेषांश

गारमेंट इकाइयों के पास भरपूर ऑर्डर होने से गारमेंट उत्पादन में तेजी का अनुमान है।

दिसम्बर-जनवरी से स्कूल यूनिफॉर्म की सीजन शुरू होने जा रही है। लेकिन गारमेंट से संबंधित जीएसटी दरों में वृद्धि की अटकलों से बाजार का उत्साह मंदा पड़ गया है। व्यापारी एवं उत्पादक दोनों की नजर 21 दिसम्बर को जीएसटी कौंसिल की होने वाली बैठक और उसमें लिए जाने वाले निर्णय की ओर है। यदि गारमेंट पर जीएसटी की दरें बढ़ाई जाती है, तो शादियों में उपयोग किए जाते फैंसी गारमेंट अधिक महंगे हो जाएंगे। इस तरह के गारमेंट की बिक्री पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। इसलिए गारमेंट उद्योग संगठन क्लोदिंग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जीएसटी दर बढ़ाने का विरोध किया है।

गारमेंट सेम्पलिंग की थोड़ी बहुत ग्राहकी गारमेंट कपडों में है। गारमेंट को ध्यान में रखकर कपड़ों का उत्पादन करती इकाइयां और प्रासेस्ड कपडों में कारोबार करते कारोबारी समसामयिक ट्रेंड को देखते हुए कपड़ों का उत्पादन करते हैं। हाल सेम्पलिंग सिर्फ समर सीजन में चलने वाले कपड़ों की जा रही है। पार्टीवीयर और किड्सवीयर के लिए चटकदार कपड़ा विकसित किया गया है। लेडीज वीयर में वेस्टर्न वीयर का जबरदस्त बोलबाला है। सेमी फॉर्मल वीयर के तौर पर लेडीज ट्राउजर में 18 से 20 किलो की क्वालिटी और जेंट्स वीयर ट्राउजर्स में 24 से 25 किलो की क्वालिटी चलती है। सर्दी का मौसम होने के कारण ट्राउजर्स में अभी डार्क कलर अधिक चल रहा है।

# चिनार फैब्रिक्स ने पुनः आरंभ किया अपना कार्य

## चिनार फैब्रिक्स को वेयरहाउस में आग लगने से हुआ था आर्थिक नुकसान, प्रॉडक्शन यूनिट पहले की भांति सुचारू रूप से कार्यरत

भिवानी/ देश के कपड़ा बाजार में अपना विशेष स्थान रखने वाली चिनार फैब्रिक्स के वेयरहाउस में विगत दिनों आग लगने से चिनार फैब्रिक्स को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। चिनार परिवार ने पिछले सप्ताह से दिन-रात मेहनत करते हुए कार्य दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को हवन करके पुनः शुरू कर दिया है। नये ऑफिस के शुभारम्भ के अवसर पर चिनार फैब्रिक्स के डायरेक्टर श्री उज्ज्वल अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स का जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हम दिन-रात मेहनत करके ही पूरा कर सकते हैं लेकिन यह गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जान का नुकसान नहीं हुआ। श्री अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स के डीलर्स एवं एजेन्ट्स तथा रिटेलर्स को घबराने की जरूरत नहीं है। चिनार फैब्रिक्स का उत्पादन पूर्व की भांति जोरों से आरंभ हो गया है। श्री अग्रवाल ने इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुये सभी डीलर्स एवं एजेन्ट्स से अनुरोध किया है कि सभी प्राथमिकता के आधार पर चिनार फैब्रिक्स का कार्य पहले की भांति करते हुए बुकिंग तथा पेमेंट को समय से पूर्व करवाकर सहयोग करें। चिनार फैब्रिक्स के डीलर्स एवं एजेन्ट्स को हताश और निराश होने की कोई जरूरत नहीं है। चिनार फैब्रिक्स का जो काफी कपड़ा पाइपलाइन में था, प्रोसेस हाउस उसकी डिलिवरी हमें प्राथमिकता के आधार पर कर रहे है। श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि आप सभी के सहयोग से हम दिसम्बर 2024 के अन्तिम सप्ताह में माल की डिस्पेचिंग शुरू कर देंगे। श्री अग्रवाल का मानना है कि हम सब परमपिता परमेश्वर के अधीन है। उनके आदेश के सामने हम नतमस्तक हैं। अब हम आगे का कार्य भी उसी के आशीर्वाद एवं सहयोग से और भी तेजी के साथ करने जा रहे हैं। कपड़ा बाजार में चिनार फैब्रिक्स के ब्राण्ड गुणवत्ता व वाजिब दामों के साथ आम उपभोक्त ाओं को उपलब्ध होंगे। चिनार फैब्रिक्स ने काफी डिजाइन डवलप करवा लिये हैं। पैकिंग फैब्रिक्स का माल जो पाइपलाइन में था, उसका माल प्राप्त हो चुका है। जिसका रॉ मटीरियल जल्द ही मिल जायेगा तथा पैकिंग का माल भी दिसम्बर 2024 के अन्तिम सप्ताह में कम्पनी के डीलर्स को डिस्पेच कर दिया जायेगा।



**चिनार फैब्रिक्स के डीलर्स एवं एजेन्ट्स बीते हुए काल की तरफ ध्यान न देकर बाजार में बुकिंग व पेमेंट की तरफ प्राथमिकता के आधार पर कार्य करते हुए सहयोग करें -श्री उज्ज्वल अग्रवाल**







# ठंड के मौसम में कारोबार भी ठंडा : समर की बुकिंग की तैयारी आरंभ

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** उत्तरी भारत में ठंड और प्रदूषण के कारण आवागमन बाधित होने से गत पखवाड़े के दौरान दिल्ली कपड़ा बाजार में कारोबार लगभग ठंडा रहा लेकिन आगामी समर सीजन के लिए मिलों और व्यापारियों ने तैयारी आरंभ कर दी है। इसके अतिरिक्त मलमास के कारण भी कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण भी कारोबार पर विपरीत असर पड़ रहा है और इस सीजन में वूलन कपड़े की मांग और कमजोर हो गई है।

जानकारों के अनुसार मलमास में हमेशा ही कारोबार कमजोर रहता है लेकिन इस वर्ष बाजार जल्दी धीमा पड़ गया है। दिल्ली के आसपास अनेक कपड़ा बाजारों के विकसित होने और जीएसटी के कारण भी दिल्ली बाजार में कारोबार पर असर पड़ रहा है। इसी बीच, मिलों और एजेंटों ने आगामी समर सीजन के लिए कॉन्फ्रेंस, बुकिंग आदि की तैयारियां आरंभ कर दी हैं। व्यापारियों के अनुसार गत कुछ वर्षों से दिल्ली कपड़ा बाजार में कारोबार में काफी परिवर्तन आए हैं। हालांकि लेडीज आईटम में मांग पर्याप्त बनी रहती है लेकिन जेंट्स आइटमों का उठाव प्रभावित हो रहा है क्योंकि मांग का एक बड़ा भाग रेडीमेड गारमेंट की ओर चला गया है। बाजार में धन की तंगी बराबर बनी हुई है तथा भुगतान में देरी अब सामान्य बात हो गई है। जानकारों का कहना है कि आलोच्य पखवाड़े के दौरान सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार सीमित बना रहा जबकि वैवाहिक साड़ियों की मांग पर तो लगभग ब्रेक ही लगा रहा। कॉटन आइटमों की सीमित मांग बनी रही जबकि लेडीज सूटों में अच्छा कारोबार रहा। व्यापारियों का कहना है कि सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार कमजोर रहा तथा मिलें, एजेंट और व्यापारी आगामी समर सीजन की बुकिंग की तैयारी कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आगामी सीजन में लाइट कलर और प्लेन आइटमों का अधिक चलन रहने का अनुमान है। पिछले कुछ वर्षों से डिजाइन की मांग कम होती जा रही है। विगत दिनों रेमंड ने समर सीजन का डिस्प्ले किया और अच्छी बुकिंग प्राप्त की। दिग्जाम ने कारोबार में काफी परिवर्तन किए हैं और जैकेट आदि के लिए फैब्रिक बाजार में दिए हैं। रेमंड, सियाराम, ग्रैडो, डोनियर आदि के माल बाजार में आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि सूरत में निर्मित स्ट्रेच फैब्रिक की अच्छी मांग है लेकिन यह अधिकांश टेलर्स एंड ड्रेपर्स बिक रहा है। वहां पर फैब्रिक के सूट बनाकर बेचे जा रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि इस फैब्रिक ने वूलन सूटिंग की मांग को सीमित कर दिया है। कॉम्बो पैक की मांग भी सीमित रह गई क्योंकि वैवाहिक सीजन नहीं है। जानकारों का कहना है कि रिटेल के अनेक प्रमुख साड़ी निर्माता लेन-देन के लिए कॉम्बो पैक भी बेच रहे हैं और इनकी अधिकांश अब वहीं तक सीमित होकर रह गई है। सूटिंग व्यापारियों के पास केवल सीमित मांग ही अच्छी क्वालिटी के जोड़ों की आ रही है। कॉटन सूटिंग में कारोबार सीमित है लेकिन आगामी सीजन अच्छा रहने का अनुमान है। शर्टिंग में कारोबार कमजोर रहा लेकिन निर्माताओं ने आगामी सीजन के लिए तैयारी शुरु कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि आगामी सीजन में कॉटन मिक्स, पीसी, कॉटन लुक की मांग अच्छी रह सकती है। जानकारों का कहना है कि जेंट्स एथनिक आइटमों का चलन दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है और अनेक निर्माता इस प्रकार के फैब्रिक को तैयार हैं। व्यापारियों के अनुसार यह एक नया सेगमेंट जुड़ा है तथा इसके विस्तार की काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं। सीजन नहीं होने से वैवाहिक साड़ियों में कारोबार सिमट गया है। जानकारों के अनुसार लहंगा-चुन्नी की मांग भी है सीमित है और बढ़ने की संभावना नहीं है क्योंकि महिलाओं में वेस्टर्न ड्रेस का चलन बढ़ रहा है। लांचा, शरारा, गाऊन आदि की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है। सिंथेटिक साड़ियों की मांग सीमित है तथा लाइट कलर और सोबर डिजाइन की मांग है। कॉटन आइटमों मोटे मालों में अच्छी मांग बनी रही। ठंड देरी से पड़ने के कारण आशा से कम रही। मार्किन, पोपलीन, अस्तर आदि की अच्छी मांग रही। नारायण ब्रांड कॉटन साटिन, रेयॉन का अच्छा उठाव रहा। व्यापारियों का कहना है कि टू बाई टू रुबिया की मांग रही लेकिन फैंसी ब्लाऊज मैटीरियल का उठाव बना रहा। लेडीज सूटों और ड्रेस मटीरियन की मांग बनी रही। व्यापारियों के अनुसार आगामी समर सीजन में कॉटन के लेडीज सूट की अच्छी मांग रहने की संभावना है।













Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98






# ट्राउजर्स में अभी डार्क कलर का जोर

## खरमास से गारमेंट की ब्रिकी धीमी

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में रिटेल कारोबार अभी तक अच्छा रहा है। अब खरमास शुरू होने और वैवाहिक सीजन की मांग बाजार में नहीं होने से करीब एक महीने तक इस क्षेत्र में भी कारोबार धीमा रहने का अनुमान है। पुरजोर मांग का अभाव तथा कॉटन यार्न के भाव बढ़ जाने से आगे की समर सीजन की तैयारी में गारमेंट कपड़ों के भाव बढ़ने की संभावना है। समर सीजन के लिए की जा रही सेम्पलिंग में नई वैरायटी में किड्स वीयर के लिए पोलिएस्टर स्पन मिक्स कपड़ों की मांग अधिक है। समर की तैयारी में इस बार देरी हुई है। गारमेंट कारखानों में कामकाज जारी है।


**शेष पेज 10 पर**













स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**






22 दिसम्बर 2024 से 6 जनवरी 2025

SINCE 1998

टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate


# व्यापार में लेट पेमेंट एवं डिफॉल्ट की समस्या पर सेमिनार का आयोजन

## एक्सपर्ट्स ने कहा : लेट पेमेंट पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन हो सस्पेंड

**सूरत**

16 दिसम्बर को फोस्टा बोर्डरूम में व्यापारियों के भुगतान सायकल एवं Debts के साथ भुगतान में देरी के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में श्री बी.एल. चांडकजी, एक्स-DGM, SIDBI उपस्थित रहे।

सेमिनार में उपस्थित एक्सपर्ट्स ने बताया कि व्यापार में भुगतान में देरी और डिफ़ॉल्ट की व्यापक समस्या के समाधान के लिए हमें एक सिस्टम संचालित डिजिटल प्लेटफॉर्म की जरूरत है। इसमें केवल MSME ही नहीं बल्कि वे सभी फर्मे शामिल है,जो व्यापार में उधारी पर बिक्री करती है और GST में रजिस्टर्ड है।




भुगतान में देरी पर बातचीत करते हुए निम्न प्रभाव व्यापारियों पर पड़ रहे हैं-

- प्रॉडक्शन पर प्रभाव पड़ता है।
- भुगतान का रोटेशन नहीं होता है।
- केपिटल रकम में ब्याज दर बढ़ती है।

जिसके अंतर्गत उपस्थित एक्सपर्ट्स ने बताया कि बैंकिंग के जैसे हमे GST को CIBIL से जोड़ना चाहिए, जिससे GST CIBIL के माध्यम से लोगो का व्यापार सुरक्षित रहे।

अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने बताया कि फोस्टा द्वारा इस विषय में उचित सलाह-मशविरा कर वित्त मंत्रालय एवं कपड़ा मंत्रालय में पत्र के माध्यम से यह निवेदन करेंगे कि व्यापारिक लेनदेन GST के अंतर्गत होता है तो क्रेता और विक्रेता के बीच कॉन्ट्रैक्ट के दिन पेमेंट की धारा तय हो जानी चाहिए और यदि उस पेमेंट की धारा से लेट पेमेंट होता है तो GST पोर्टल से सम्बंधित व्यापारी को रेड फ्लैग का सिस्टम होना चाहिए और यदि कोई और लेट पेमेंट करता है तो उसका GST सस्पेंड किया जाना चाहिए, यह सलाह उपस्थित एक्सपर्ट श्री बी.एल. चांडकजी ने दी, जिसकी सभी ने सराहना की। इस सेमिनार में फोस्टा के पदाधिकारीगण एवं विभिन्न मार्केट के अग्रणी और व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।




LANIFICIO
Simone Federico & Figli
BIELLA
(ITALY)
SINCE 1876

# SIMONE FEDERICO & FIGLI
## की Spring Summer-2025 कॉन्फ्रेन्स
## नव निर्मित ऑफिस में अभूतपूर्व सफलता के साथ सम्पन्न



**SIMONE FEDERICO & FIGLI** ने बांसवाड़ा स्थित अपने नव निर्मित सर्वसुविधाओं से युक्त हाईटेक ऑफिस के उद्घाटन के साथ ही Spring Summer-2025 का भव्य शुभारंभ किया। यह शानदार कॉन्फ्रेन्स 9 से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित की गई थी और इसमें भाग लेने के लिए कंपनी के सभी प्रतिष्ठित बिजनेस एसोसिएट्स देशभर से शामिल हुए।














बांसवाड़ा / Simone Federico & Figli मूलतः वर्ष 1876 में स्थापित एक इटालियन ब्राण्ड है। जिस प्रकार Simone Federico & Figli ने अपने वूल उत्पादों की शानदार रेंज को बहुत ही सीमित समय में भारतीय वस्त्र बाजार में पेश किया वह तो प्रशंसनीय है ही साथ ही बाजार ने जिस प्रकार इसके उत्पादों को हाथों–हाथ लिया वह भी इस अन्तर्राष्ट्रीय ब्राण्ड के लिए एक उत्साहित करने वाली बात है। ब्रांड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि और गर्व की बात है कि भारतीय टेक्सटाइल मार्केट की वर्तमान कठिन परिस्थितियों के बावजूद ब्रांड ने इस विंटर सीज़न में प्रीमियम फैब्रिक की बहुत अधिक मात्रा बेची है जो ब्रांड के वस्त्रों की उत्कृष्ट गुणवत्ता को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता Business Head श्री शैलेन्द्र पाण्डेय ने की एवं इस विशेष मौके पर उपस्थित कंपनी के Managing Director श्री रवि तोषनीवाल ने सभी मेहमानों का कंपनी के उद्यम स्थल पर स्वागत एवं मार्गदर्शन भी किया।

कार्यक्रम की शुरूआत श्री अनिल तोतला (Vice President-Sales) ने सभी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ की और कंपनी द्वारा पूर्व में किये गये कार्यों को सभी के साथ साझा किया और कंपनी द्वारा लॉन्च की गयी वूल एवं वूल ब्लेण्ड के वस्त्रों की विस्तृत रेंज से सभी को अवगत कराया। श्री तोतला ने भविष्य में और भी इनोवेटिव प्रोडक्ट बाजार में पेश किये जाने की योजना पर भी प्रकाश डाला।

कंपनी की निरन्तर प्रगति और उत्पादों की उच्च गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कंपनी के Managing Director श्री रवि तोषनीवाल ने उत्पादन क्षमताओं में हो रही वृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने आश्वासन दिया कि Simone Federico & Figli अपनी उच्च गुणवत्ता वाले ऊनी उत्पादों की मांग को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी के कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के साथ व्यापारिक सहयोग, उसके उत्पादों की उत्कृष्टता का जीवंत प्रमाण है।

इसके बाद श्री शैलेन्द्र पाण्डेय ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया, कंपनी की अब तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी और Spring Summer-2025 की आगामी तैयारियों को साझा किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कंपनी अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्री पाण्डेय ने विचार विमर्श के दौरान कंपनी द्वारा उत्पादित वूल प्रोडक्ट्स को उच्च श्रेणी का बताया।

कार्यक्रम में श्री महेश धूमस (G.M.- Domestic Sales) ने Spring Summer-2025 के लिए तैयार किये गये परिधानों की अनोखी श्रृंखला प्रस्तुत की। एक और जहां Missoni Flexifit और Belice के 4 Way स्ट्रैच फैब्रिक ने सभी एसोसिएट्स को काफी आकर्षित किया, वही दूसरी और वूल लिनेन से बने Eternal, Branta Savio फैब्रिक्स को भी सभी ने सराहा ये स्पेशल फैब्रिक्स आकर्षक टेक्सचर, स्टाइल और कम्फर्ट के साथ सूट और जैकेट के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से चर्चा की और उनके विचार व सुझाव प्राप्त किए। Cotton, Linen और Sorona जैसे Natural और Sustainable फाइबर से बने Alssio और Venice फैब्रिक्स ने सभी मेहमानों को अचंभित किया। 4-Way स्ट्रेच Marzotto TR जो अरामदायक, प्रदर्शन के लिए बेस्ट फैब्रिक हैं और अपने शानदार ड्रेप के लिए जाने जाते हैं, ने ड्यूरेबिलिटी, फ्री मूवमेंट और रिंकल रेजिस्टेंस जैसे गुणों के साथ सभी का दिल जीत लिया।

मीडिया एवं ब्राण्ड प्रमोशन की देखरेख कर रहे श्री संजय शर्मा (Head - Mktg. & Comm.) ने कंपनी की डिजिटल मार्केटिंग की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्हें हालिया अभियानों के बारे में जानकारी दी, जिनसे ब्रांड की विजिबिलिटी में काफी वृद्धि हुई। कंपनी द्वारा किये गये अपने उत्पादों के फोटो शूट का जिक्र किया और शानदार केटलॉग भी प्रस्तुत किया जिनकी सभी ने दिल से प्रशंसा की और भविष्य में भी इनोवेटिव कदम उठाने हेतु अनेक सुझाव दिये जिन पर सिमोने टीम ने अमल करने हेतु उन्हें आश्वत किया।

आए हुए अतिथियों ने कंपनी की मेहमाननवाजी, उत्पादों और डिजिटल मार्केटिंग पहलों की सराहना की। उन्होंने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ब्रांड की क्षमता पर भरोसा जताया और विपरीत बाजार परिस्थितियों में भी Simone Federico & Figli की उत्कृष्टता और विश्वास को बनाए रखने हेतु मैनेजमेण्ट की प्रशंसा की।

ब्राण्ड द्वारा प्रमोशन एवं उत्पादों के डवलपमेण्ट के लिए पूर्व में जो विशेष कदम उठाये गये वे बाजार में ब्राण्ड की उपस्थिति दर्ज करने में अप्रत्याशित रूप से सफल रहे हैं। भारतीय वस्त्र बाजार में सभी Simone Federico & Figli के बारे में जानने के लिए बेहद उत्सुक नजर आ रहे हैं। Simone Federico & Figli अपने मिशन पर अडिग है, जिसमें उच्च गुणवत्ता और नवाचार के माध्यम से वस्त्र उद्योग में उत्कृष्टता को स्थापित करना शामिल है। Simone Federico & Figli ने वस्त्र जगत में अपनी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पहचान को और भी मजबूत किया है।

जिस तरह प्रतिस्पर्द्धा की दौड़ में हर वस्त्र टीआर और पोलिएस्टर की तर्ज पर अपने प्रमुख गुणों से दूर होता जा रहा है उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वूलन वस्त्र नेचुरल है और विशेष फील फिनिश के लिए जाने जाते है, हमारा लक्ष्य वही विशेष वस्त्र अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराना है।
— श्री शैलेन्द्र पाण्डेय (Business Head)



Simone Federico & Figli अपनी उच्च गुणवत्ता वाले ऊनी उत्पादों की मांग को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। कंपनी के कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ व्यापारिक सहयोग, उसके उत्पादों की उत्कृष्टता का जीवंत प्रमाण है।
— श्री रवि तोषनीवाल (Managing Director)








# LINEN CLUB की Excellenza कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन


**श्री जसविंदर कटारिया**
सीईओ, डोमेस्टिक टेक्सटाइल

मुंबई/ देश की प्रतिष्ठित एवं लिनन फैब्रिक में अग्रणी जयश्री टेक्सटाइल्स का नामचीन ब्राण्ड **लिनन क्लब** हमेशा से अपने नवाचार के लिये मशहूर है। इसी श्रंखला को जारी रखते हुए हाल ही में 10 से 14 नवंबर तक दुबई के हबतुर सिटी में वार्षिक फैब्रिक बुकिंग कॉन्फ्रेंस Linen Club Excellenza 24 आयोजित की गई।

डोमेस्टिक टेक्सटाइल आदित्य बिड़ला के पूर्व सीईओ श्री सत्यकी घोष एवं वर्तमान सीईओ श्री जसविंदर कटारिया के सानिध्य में Linen Club Excellenza Awards मुख्य आकर्षण था। जिसमें सभी डीलर, होलसेलर एवं फ्रेंचाइजी पार्टनर्स ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान लिनन क्लब द्वारा आकर्षक रेंज व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। मुख्य रेंज इस प्रकार है-

**विरिडियन डेप्थस** - छुट्टियों के दौरान पहनने योग्य यह वस्त्र श्रृंखला मरीन लाइफ स्टाइल को प्रदर्शित करती है। समुद्र के गहरे और मनमोहक रंगों की आकर्षक रेंज मंत्रमुग्ध कर देने वाली है।

**टेराकोटा** - कैजुअल शर्टिंग की यह रेंज मिट्टी के रंगों का अहसास कराती है, साथ ही यह रेंज सादगी और प्रकृति से जुड़ाव की भावना को जगाती है। वेलकम थीम के साथ इस फैब्रिक की बनावट प्राकृतिक एवं जैविक आकृतियों के साथ ग्रामीण परिवेश और पुरातन तत्वों को जोड़ती है।

**गोल्डन ऑवर**- सूर्योदय और सूर्यास्त की सुनहरी रोशनी को प्रदर्शित करती यह सूटिंग रेंज राजसी स्वरूप का एहसास कराती है। ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने वाली यह रेंज कुछ हटकर दिखाने के लिए परफेक्ट चॉइस है।



**ओएसिस ऑफ आइस**- कैजुअल शर्टिंग की यह आकर्षक रेंज बर्फीले परिदृश्य को जीवंत करती है। इस फैब्रिक की सुंदरता भविष्य की पीढ़ियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है।

**मेलो डिलाइट्स**- आनंद और चंचलता की भावनाओं का अहसास कराने वाली यह आकर्षक रेंज, जीवंत और उत्साहवर्धक कथा को परिलक्षित करती है, सॉफ्ट पेस्टल रंगों को चमकीलेपन के साथ ही धूप भरें रंगों की ऊर्जा के साथ जोड़ती है।









## सभी डीलर, होलसेलर एवं फ्रेंचाइजी पार्टनर्स का सम्मान



**अवॉर्ड सेरेमनी** इस एक्सलेंजा इवेंट में कम्पनी द्वारा आमंत्रित सभी डीलर, होलसेलर एवं फ्रेंचाइजी पार्टनर्स का सम्मान किया गया, जो हर परिस्थिति में कम्पनी के प्रति विश्वास की कसौटी पर खरे उतरे। उसी विश्वास और जोश को नई ऊर्जा प्रदान करने हेतु ये सम्मान समारोह बेहद उत्साहवर्धक था। साथ ही कंपनी के अंतरराष्ट्रीय पार्टनर्स ने एक्सलेंजा में उपस्थिति दर्ज कर इस एक्सलेंजा अवॉर्ड्स को बेहद सफल बनाया। एक्सलेंजा अवॉर्ड्स समारोह के इस आयोजन में वीना श्रीवाणी की सितार बजाते हुए शानदार प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। साथ ही कलाकारों द्वारा एलईडी तनोरा नृत्य पिक्सेल पोई शो जिसके तहत एक विजुअल जर्नी का चित्रण काफी आकर्षण था।

**फैब्रिक डिस्प्ले** इस एक्सलेंजा कॉन्फ्रेंस में लिनन क्लब ब्रांड के तहत विस्तृत वस्त्र श्रृंखला व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। कंपनी द्वारा प्रदर्शित नए डिजाइंस, कलेक्शन, पैटर्न देख व्यापारी काफी उत्साहित नजर आए और जमकर बुकिंग ऑर्डर प्रदान किए। कंपनी सूत्रों के अनुसार इस कॉन्फ्रेंस के साथ ही अपनी प्रोडक्ट बुकिंग आकड़ो को निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्राप्त कर लिया, जो कि कंपनी के लिए बेहद हर्ष का विषय है।

**व्यापारिक विचार विमर्श** प्रतिस्पर्धा के इस दौर में व्यापारियों द्वारा इतना स्नेह कम्पनी प्रबंधन को मजबूत एवं नये अवसरों की ओर अग्रसर करता है। इस एक्सलेंजा कॉन्फ्रेंस में कम्पनी के अधिकारियों ने व्यापारियों से आगामी रणनीति एवं व्यापार संवर्धन पर विचार विमर्श किया। साथ ही प्रबंधन ने इसे क्रियान्वित करने हेतु आश्वस्त भी किया।












# Recent Challenges in the Textile Industry: Shrinking the Family of Reliable Agents



In continuation of the ongoing discussion on the challenges facing the textile industry, another pressing issue is the dwindling family of reliable agents. Traditionally, agents played a pivotal role in the textile trade, acting as intermediaries between manufacturers and wholesalers / retailers, ensuring smooth transactions, and often guaranteeing payments. However, over the years, this vital network has shrunk considerably, creating a void that has disrupted the traditional trade ecosystem.

